●वर्ष : 16 ●अंक : 199 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 10 नवम्बर 2024

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा के बीच विष्णुपुर जिले में महिला की हत्या



नूना न्यूज एजेंसी

**मणिपुर।** के बिष्णुपुर जिले में आज एक संदिग्ध हथियारबंद बदमाश ने हमला कर एक महिला की हत्या कर दी। घटना सैटन में हुई, जहां महिला धान के खेत में काम कर रही थी। सूत्रों के अनुसार, हमला दोपहर के समय हुआ, जब महिला कृषि कार्य कर रही थी। हमलावर की पहचान और हमले के पीछे का मकसद अज्ञात है। धान के खेतों में काम कर रही एक महिला की संदिग्ध पहाड़ी आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकवादियों ने कथित तौर पर निचली इंफाल घाटी के पहाड़ी इलाकों से गोलीबारी की, जिससे स्थानीय लोगों में पहले से ही हिंसा भड़क उठी, जिन्होंने केंद्रीय बलों पर ऐसे हमलों को रोकने में अप्रभावी होने का आरोप लगाया। यह हत्या दो दिन पहले जिरीबाम के जैरोन हमार गांव में 31 वर्षीय महिला की हत्या के बाद हुई। छह घर जला दिए गए, और अगले दिन एक महिला का जला हुआ शव मिला। पिछले साल मई से इम्फाल घाटी के मीतिस और कुकी समुदायों में सांप्रदायिक झड़पों में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिससे हजारों लोग बेघर हो गए हैं और अब प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

# वाजपेयी जी ने मुझे सीएम बनाया था

## नीतीश बोले- मुझसे दो बार गलती हुई, अब दाएं-बाएं नहीं होगा

नूना न्यूज एजेंसी



**बिहार।** में होने वाले उपचुनाव के लिए आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रचार शुरू कर दिया है। तरारी में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 से हम लोग एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। भाजपा से हमारा शुरू से ही नाता रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आगे भी रिश्ता कायम रहेगा। हमसे दो बार गलती हो गई थी। हमने राजद के साथ सरकार बना ली। लेकिन जब वह गड़बड़ करने लगे तो मुझसे बर्दाश्त नहीं हुआ। मुझे अपनी गलती का एहसास हुआ और हम फिर से भाजपा के साथ आ गएष इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब कोई दाएं बाएं नहीं होगा। इतना ही नहीं, नीतीश कुमार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भी याद किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया था। नीतीश ने कहा कि मैं अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में मंत्री रहा हूं। यहां-वहां कुछ गलतियां हो गईं लेकिन अब हम मिलकर काम करेंगे। हम देखते थे कि कोई काम नहीं हो रहा है। उन्होंने लालू यादव और राजद पर वार करते हुए कहा कि उनकी सरकार के दौरान कोई भी शाम के बाद डर के मारे अपने घर से नहीं निकल पाता था। उनकी वजह से झड़पें होती थीं। नीतीश ने साफ तौर पर कहा कि वे केवल मुस्लिम वोट चाहते थे। लेकिन हिंदू-मुस्लिम झगड़े अधिक थे। क्या हमारे सत्ता में आने के बाद कोई झड़प हुई है? उन्होंने कहा कि हमने हिंदू, मुस्लिम, ऊंची जाति, पिछड़ों, अति पिछड़ों, दलितों और महादलितों के लिए काम किया। हमने मुस्लिम समुदाय के लिए भी बहुत काम किया। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई और शिक्षकों को सरकारी स्कूल के शिक्षकों के बराबर वेतन दिया गया। वे (विपक्ष) वोट लेते रहे और कभी कुछ नहीं किया। 12 लोकसभा सांसदों के साथ, नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड) एनडीए सरकार में भाजपा की प्रमुख सहयोगी है। इस साल जनवरी में, कुमार दो साल से भी कम समय में एनडीए में लौट आए, जब उन्होंने बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन को छोड़कर लालू प्रसाद की राजद से हाथ मिला लिया था। 1970 के दशक में जेपी आंदोलन के दौरान अपना राजनीतिक करियर शुरू करने वाले नीतीश कुमार ने 2013 में भाजपा के साथ 17 साल लंबे गठबंधन को समाप्त कर दिया और राजद के साथ फिर से जुड़ गए। उन्होंने 2015 का बिहार विधानसभा चुनाव राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन के हिस्से के रूप में लड़ा और भारी जीत हासिल की। लेकिन गठबंधन लंबे समय तक नहीं चला और कुमार ने राजद को छोड़कर एनडीए में लौट आए। उन्होंने एनडीए के हिस्से के रूप में 2019 का लोकसभा चुनाव और 2020 का बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा। लेकिन 2022 में वह गठबंधन से बाहर हो गए और फिर से महागठबंधन में शामिल हो गए।

## झारखंड में गरजे अमित शाह, बोले- जब तक बीजेपी है

नूना न्यूज एजेंसी

**झारखंड।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलामू की रैली में कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाला गठबंधन देश में सबसे अधिक भ्रष्ट है और उसे सत्ता से हटाया ही जाना चाहिए। चुनावी राज्य में प्रचार करने पहुंचे शाह ने कहा कि भ्रष्ट लोगों को उल्टा लटका देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ओबीसी आरक्षण के विरुद्ध है, उसने महाराष्ट्र में उलेमाओं के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मैं यहां से राहुल गांधी को चेतावनी देना चाहता हूं। जब तक भारतीय जनता पार्टी है, इस देश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण की बात करती है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। हम कभी भी किसी धर्म विशेष को आरक्षण नहीं दे सकते। महाराष्ट्र में उलेमाओं के एक समूह ने कांग्रेस को ज्ञापन दिया कि मुसलमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम इसमें आपकी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड की जनता से पूछने आया हूं कि अगर मुसलमानों को 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा तो किसका आरक्षण कम हो जायेगा? पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासियों का आरक्षण कम कर दिया जाएगा। मैं यहां से राहुल गांधी को चेतावनी देना चाहता हूं। राहुल बाबा, आपके मन में जो भी साजिश हो, जब तक भारतीय जनता पार्टी है, इस देश में अल्पसंख्यकों को आरक्षण नहीं मिलेगा। भाजपा नेता ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है। कांग्रेस के सांसद के घर से 300 करोड़ से ज्यादा रुपये पकड़े गए। जिसे गिनने के लिए आईं मशीनें थक गईं। ये रुपया आपका है, झारखंड के युवाओं व गरीबों का है, जिसे ये कांग्रेसी खा गए। आप प्रदेश में भाजपा की सरकार बना दो, हम भ्रष्टाचार करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे डाल देंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के दौरान युवाओं से वादा किया था कि 'हम आपको बेरोजगारी भत्ता देंगे', लेकिन हेमंत सोरेन ने अपना वादा पूरा नहीं किया। हम कह रहे हैं कि हर युवा साथी को प्रतिमाह 2,000 रुपया बेरोजगारी भत्ता देंगे। हर साल 1 लाख रोजगार सृजित करेंगे और 2 लाख 87 हजार रिक्त पदों को पारदर्शी तरीके भरा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद झारखंड के युवाओं की नौकरी घुसपैठिए नहीं खा पाएंगे। घुसपैठियों द्वारा आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जमीन हड़पने का काम भी हम कानून में बदलाव करके बंद करवाएंगे। रोटी, माटी और बेटी तीनों की सुरक्षा भाजपा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद झारखंड के युवाओं की नौकरी घुसपैठिए नहीं खा पाएंगे। घुसपैठियों द्वारा आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जमीन हड़पने का काम भी हम कानून में बदलाव करके बंद करवाएंगे। रोटी, माटी और बेटी, तीनों की सुरक्षा भाजपा करेगी।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



# भारत के रतन का जाना...

आज श्री रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है...एक अमूल्य रत्न को खो दिया है। आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग...समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं। और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं। युवाओं के लिए, श्री रतन टाटा एक प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है। रतन टाटा जी, भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया। दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये श्री रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में, वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झारखंड में ली चुनावी जनसभाएं

# जनता की आंखों में धूल झोंक रहे हैं नकली गांधी

■ भोपाल/झारखण्ड

आजादी के बाद एक ही परिवार ने पूरी कांग्रेस पार्टी पर कब्जा कर लिया। पहले जवाहरलाल नेहरू, फिर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी। ये सब एक ही परिवार के लोग हैं और असली गांधी नहीं हैं। ये सब नकली गांधी अपनी आंधी चला चलाकर देश की जनता को बेवकूफ बना रहे हैं। यह बात मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को झारखंड में लातेहार विधानसभा के बालूमाथ और पांकी विधानसभा के तहरसी एवं चतरा विधानसभा के जनता हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही।



डॉ. यादव ने कहा कि अभी तक यह देखा है कि बेटी जब ससुराल जाती है, तो उसका सरनेम बदल जाता है। लेकिन यह परिवार ऐसा है कि बेटी ससुराल चली जाए फिर भी सरनेम नहीं बदलता। इन्हें डर है कि अगर सरनेम बदला तो वोट कट जाएंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने फिरोज गांधी को अपना सरनेम दिया था, लेकिन ये तो सब के सब उस सरनेम से ऐसे चिपके हैं कि छोड़ ही नहीं रहे हैं। वोट का लालच ही इन्हें गांधी सरनेम छोड़ने नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गरीब से गरीब परिवार तक लोकतंत्र के लाभ पहुंचा रही है और हमारी पार्टी में कोई भी व्यक्ति किसी भी पद तक पहुंच सकता है।

### देश का नं. वन राज्य बनेगा झारखंड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व- अटल बिहारी वाजपेई ने जब झारखंड राज्य का गठन किया था, तब उन्होंने कहा था कि यह राज्य अपनी खनिज संपदा, प्राकृतिक संसाधन और जुझारू मानसिकता वाले लोगों के दम पर एक दिन भारत का नं.1 राज्य बनेगा। लेकिन दुर्भाग्य से यहां बेईमानों की सरकार आ गई, जिसने लोगों के जीवन पर डाका डाल दिया। इस चुनाव में आप भाजपा को चुनिए, आपके एक-एक वोट से नया सवेरा निकलेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में झारखंड देश का नं.1 राज्य बनेगा।

## जम्मू-कश्मीर विस में तीसरे दिन भी नहीं हुआ कामकाज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में चल रहे सत्र के अंतिम कार्य दिवस पर विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर हंगामा जारी रहा। शुक्रवार सुबह जैसे ही सत्र शुरू हुआ पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के विधायक फयाज मीर ने अनुच्छेद 370 के समर्थन में एक बैनर प्रदर्शित करने का प्रयास किया। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के विधायक सज्जाद लोन और एआईपी के शेख खुर्शीद ने इस कदम का समर्थन किया। जिससे भाजपा सांसदों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हंगामे के बीच श्री खुर्शीद को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर निकाल दिया गया। सज्जाद लोन ने अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए अपने संकल्प की एक प्रति रखी, जिसे उन्होंने गुरुवार को प्रस्तुत किया था। जब नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक जाविद बेग उपराज्यपाल के अभिभाषण पर बोलने के लिए खड़े हुए, तो भाजपा सांसदों ने विशेष दर्जे के प्रस्ताव के खिलाफ अपना विरोध जारी रखा।

# गोपाष्टमी पर केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने की गौसेवा

किशनगढ़। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने शनिवार को संसदीय क्षेत्र में प्रवास के दौरान किशनगढ़ में माधव गौशाला बांदरसिंदरी में आयोजित "गोपाष्टमी समारोह" में सहभागिता कर गोवंश को फल खिलाकर उनकी सेवा और पूजा की। इस दौरान अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेशचन्द, मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, मुकेश अग्रवाल, नगर परिषद किशनगढ़ सभापति दिनेश सिंह राठौड़ सहित सामाजिक कार्यकर्ता और गोसेवी आमजन उपस्थित रहें। खेती के कामों में को गौ उत्पादों को बढ़ावा देना जरूरी : केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गोमाता का स्थान अद्वितीय है, जो हमारी आस्था, कृषि और पर्यावरण संरक्षण की मूलधारा का हिस्सा है। गौ माता का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे, यही कामना है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि गौ माता की रक्षा, संरक्षण और उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। हमारा कर्तव्य है कि हम उनके लिए आश्रय, पोषण और आदर प्रदान करें। गौशालाओं की स्थापना, जैविक खेती में



गौ उत्पादों का उपयोग और समाज में गौ संवर्धन की भावना जागृत करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

### मोहन सरकार में कर्मचारी और पेशनरों की बल्ले-बल्ले

# निगम-मंडल के कर्मियों का भी बढ़ाया महंगाई भत्ता

■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कर्मचारी एवं पेंशनरों की लंबित मांगों पर निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ते में इजाफा कर दिया है। दीपावली से पहले ही नियमित कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 46 से बढ़ाकर 50 फीसदी करने के आदेश जारी कर दिए थे। साथ ही पेंशनरों को भी महंगाई भत्ता बढ़ाकर दीपावली उपहार दिया। नवंबर महीने के वेतन में भत्ता जुड़कर आएगा। अब छठवें वेतनमान और निगम मंडलों के कर्मचारियों का भी महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

मध्य प्रदेश सरकार ने 6वां वेतनमान प्राप्त कर रहे लगभग 40 हजार और निगम-मंडल के 1 लाख कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि कर दी है। 6वां वेतनमान प्राप्त करने वाले नियमित कर्मचारियों का डीए 9 फीसदी वृद्धि के साथ 239 फीसदी हो गया है, जबकि निगम-मंडल के कर्मचारियों के डीए में 11 फीसदी की वृद्धि की गई है, जो बढ़कर 302 फीसदी हो गया है। इन कर्मचारियों को डीए में वृद्धि का लाभ 1 जनवरी 2024 से दिया गया है। डीए का नगद लाभ अक्टूबर के वेतन से दिया जा रहा है। जबकि जनवरी से 30 सितंबर का एरियर 4 समान किस्तों में दिसंबर 2024, जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 में दिया जाएगा।

**सरकार का दीवाली उपहार-** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दीपावली पर सभी कर्मचारी एवं पेंशनरों को महंगाई भत्ते के रूप में उपहार दे दिया है। 7वां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का 4 फीसदी डीए 28 अक्टूबर को बढ़ाया है।

**प्रबंध** सामान्य प्रशासन विभाग ने दिए विभागों को निर्देश, विभागाध्यक्ष एवं जिला कार्यालय भी ऑनलाइन जुड़ेंगे

# नए साल में 'ई-ऑफिस' पर चलेगी सरकार

■ भोपाल

प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने के लिए राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2025 से मंत्रालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग प्रमुखों से कहा है कि ई-ऑफिस पर काम करने के लिए हर तरह से तैयार रहें। सभी तरह की नस्तियां ई-ऑफिस पर इलेक्ट्रानिक मोड में ही चलेंगी। वर्तमान में संचालित ई-ऑफिस प्रणाली के हाइब्रिड मोड को इलेक्ट्रॉनिक मोड में बदला जा रहा है। प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार के लिए मोहन



यादव सरकार का यह बड़ा कदम है। इस नई व्यवस्था से सरकारी सिस्टम का ढर्रा सुधरेगा। काम में पारदर्शिता के साथ-साथ जिम्मेदारी, कसावट आएगी।

सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने विभाग प्रमुखों को लिखा है कि सरकारी काम में तेजी लाने के लिए मंत्रालय से लेकर विभागाध्यक्ष कार्यालय, जिला कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई थी। इस व्यवस्था को मंत्रालय में लागू किया जा रहा है। इसके लिए मंत्रालय में उपलब्ध सभी अभिलेखों, नस्तियों का डिजीटलीकरण किया जा चुका है। इसके बाद ई-ऑफिस प्रणाली अलग-अलग चरणों में लागू की जाएगी। जिसके तहत पहले चरण में मंत्रालय में सभी नस्तियां ई-ऑफिस पर इलेक्ट्रॉनिक मोड में शुरू हो जाएंगी। इस नई व्यवस्था का संचालक एनआईसी की निगरानी में होगा। (शेष अंतिम पृष्ठ पर)

### साहब के इंतजार में नहीं रुकेगी फाइल

ई-ऑफिस प्रणाली से अब किसी अधिकारी या कर्मचारी के इंतजार में फाइल नहीं रुकेंगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को आईडी एवं पासवर्ड जारी किए जाएंगे। ऐसी स्थिति में वे कहीं से भी नस्ती को आगे बढ़ा सकते हैं। अधिकारी बाहर होने पर कहीं से भी फाइल को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत कर सकते हैं। खास बात यह है कि फाइल किसके पास लंबित है, यह ऑनलाइन दिखेगा। ज्यादा समय तक फाइल रोकने के लिए संबंधित को जवाब भी देना होगा।

## चार क्विंटल गौमांस बरामद, आरोपी फरार

**बुरहानपुर।** जिले में गौवंश तस्करी के मामले में लगातार कार्रवाई हो रही है। शुक्रवार को बुरहानपुर के आजाद नगर क्षेत्र में गौवंश की सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। यहां से 4 क्विंटल गौमास बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी मौके से भाग निकले, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज कर उनका पुराना रिकार्ड भी निकालना शुरू कर दिया है। क्षेत्र में अफजल कु रैशी, चंदु कु रैशी सहित अन्य गौवंश मांस विक्रय करते हैं। पुलिस को देखकर अफजल पिता मेहबूब साहब, शेख वांद उर्फ चंदू पिता शेख मेहबूब साहब, इमरान पिता अहमद हाजी, नसीर पिता बशीर कसाई नागझिरीवाला, अन्य 02 कसाई मौके का फायदा उठाकर भाग गए। अफजल के बाड़े से 2 नग बैल अवैध गौमांस को जब्त कर थाने लाया गया। आरोपियों पर पुलिस द्वारा रासुका की कार्रवाई प्रस्तावित किए जह्याने की बात भी कही जा रही है।

# अनमोल मुस्कान के प्रयास से आत्मरक्षा के मंत्र सीख रही हैं हजारों मातृशक्ति

■ इंदौर

आंखों में चमक, दिल में जोश और हाथ में तलवार लिए आज की नारी उस युद्ध के लिए तैयार है जो उन्हें अबला शब्द से मुक्ति दिला सके।



यह नजारा शुक्रवार को नेहरू स्टेडियम मे उस समय नजर आया जब 5000 से अधिक बालिकाएं तलवारबाजी का अभ्यास करतीं नजर आईं। शनिवार को इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। आत्मसम्मान के अधिकार की जंग में दृढ़ संकल्पित शहर की यह नारी अब अपने शौर्य प्रदर्शन के साथ-साथ समाज को यह संदेश देने की कोशिश कर रही हैं कि जिन हाथों में चूड़ियां खनकती हैं वे शस्त्र उठाने का समर्थ्य भी रखते हैं। नेहरू स्टेडियम में आज की नारी तलवारबाजी का अभ्यास कर रही हैं ताकि नौ नवंबर को यहां होने वाले शौर्यवीरा सामूहिक तलवारबाजी कार्यक्रम में वे अपने साहस का परिचय दे सकें।

अनमोल मुस्कान वेलफेयर सोसाइटी के इस प्रयास ने आत्मरक्षा का ये मंत्र जो शक्तिस्वरूपाओं को दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम नेहरू स्टेडियम में 9 तारीख को होने जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव मौजूद रहेंगे।

# गांवों में विकास कार्यों के लिए धन का समझदारी तरीके से उपयोग सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभाओं की बैठकें हों : केजरीवाल

## यदि सरपंच अपनी जिम्मेदारी भली-भांति निभाएं, तो वे आम आदमी और अपने गांवों की तकदीर बदल सकते हैं

नई दिल्ली, नवम्बर : दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नए चुने गए सरपंचों से अपील की कि वे ग्राम सभाओं की बैठकें आयोजित करें और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी निर्णय लोगों की उपस्थिति में लें। यहां राज्य स्तरीय समारोह में, जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य भर के 10031 नए चुने गए सरपंचों को शपथ दिलाई, के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जनता के पैसे का समझदारी से उपयोग करते हुए गांवों का व्यापक विकास सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि फंड के सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए गांवों के विकास संबंधी फैसले ग्राम सभाओं में किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरपंच अपनी जिम्मेदारी भली-भांति निभाएं, तो वे आम आदमी और अपने गांवों की तकदीर बदल सकते हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राज्य सरकार सरपंचों को हर नेक काम के लिए पूरा सहयोग देगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सरपंचों को राज्य से नशे की समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए कहा कि सरपंचों की सक्रिय भूमिका से पंजाब को जल्द ही नशा मुक्त राज्य बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस इस कार्य के लिए प्रतिबद्ध हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरपंचों की अहम भूमिका होती है और उन्हें अपनी जिम्मेदारी प्रभावशाली ढंग से निभानी चाहिए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए पंजाबियों को बधाई दी और इस कार्यक्रम में पहुंचे सरपंचों का स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि शपथ लेने के बाद ये सरपंच अपने गांवों को विकास की दिशा में आगे बढ़ाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि लगभग तीन हजार पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गई हैं, जिससे गांवों के विकास को बड़ी गति मिलेगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरपंचों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और अपने गांवों को आदर्श गांवों में बदलना होगा। उन्होंने कहा कि गांवों की भलाई के लिए सरपंचों को अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से निभानी चाहिए। अरविंद केजरीवाल ने सरपंचों से कहा कि वे हर निर्णय गांववासियों से सलाह-मशविरा करके लें और कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास में सरपंच महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## दूसरा अपराध साहित्य महोत्सव 29 नवंबर से आयोजित होगा

नई दिल्ली, नवम्बर : क्राइम लिटरेचर फैस्टीवल ऑफ इंडिया (सीएलएफआई) भारत का ऐसा पहला और एकमात्र आयोजन है जिसे आप अपराध, साहित्य और संस्कृति का कुंभ कह सकते हैं। दूसरी बार हो रहे इस महोत्सव का लोगों को बेसब्री से इंतजार था। आगामी 29 नवंबर से 1 दिसंबर, 2024 तक देहरादून में इसकी धूम मचेगी। सीएलएफआई के पहले आयोजन में साहित्य, सिनेमा जगत और कानून व्यवस्था क्षेत्र से कई अहम वक्ताओं का सिलसिला देखा गया। इनमें शामिल थे जाने-माने फिल्म निमार्ता सुजॉय घोष (ह्यकहानीह्न से मशहूर, जिसकी नायिका विद्या बालन थीं) और संजय गुप्ता (शूटआऊट एट लोखंडवाला के निर्देशक, जिसके नायक संजय दत्त थे), अभिनेता अविनाश तिवारी (खाकी-द बिहार चैप्टर और मडगांव एक्सप्रेस) और राजश्री देशपांडे होंगे। इस अवसर पर तेलगी स्टाम्प पेपर घोटाले जैसे आर्थिक घोटालों से लेकर निठारी कांड जैसे सीरियल मर्डर और वास्तविक मुठभेड़ों से लेकर अपराध उपन्यासों में काल्पनिक जासूस तक तमाम विषयों पर विमर्शों का सिलसिला बन गया।

## वायु गुणवत्ता और जलवायु परिवर्तन पर हितधारकों की बैठक बुलाई

नई दिल्ली, नवम्बर : भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रो. अजय कुमार सूद ने जलवायु परिवर्तन के साथ वायु प्रदूषण और इसके परस्पर प्रभाव, पर विचार करने के लिए हितधारकों की एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने हिस्सा लिया जिनमें पीएसए कार्यालय के वैज्ञानिक सचिव डॉ. परविंदर मैनी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम. रविचंद्रन, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष श्री राजेश वर्मा और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा शामिल थे। बैठक में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नीति आयोग, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के तहत राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय उन्नत अध्ययन संस्थान (डॉ. शैलेश नायक और प्रो. गुफरान बेग), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

# दिल्ली में 10 हजार बस मार्शलों को फिर से रोजगार मिलेगा; एक सप्ताह के भीतर ऑन-ड्यूटी होंगे बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स

## दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में 10,000 सिविल डिफेंस वॉलंटियरों और बस मार्शलों की तैनाती को दी मंजूरी-सीएम आतिशी

**नई दिल्ली।** 09 नवंबर दिल्ली में 10 हजार बस मार्शलों को फिर से रोजगार मिलेगा। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में 10,000 सिविल डिफेंस वॉलंटियरों और बस मार्शलों की तैनाती को मंजूरी दे दी है। एक सप्ताह के भीतर 10,000 बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स ऑन-ड्यूटी होंगे। शविवार को सीएम आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए ये जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि, दिल्ली सरकार द्वारा इन 10,000 मार्शलों की नियुक्ति की मंजूरी दे दी है है। और प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में अगले 4 महीने बस मार्शल अहम भूमिका निभायेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, प्रदूषण हॉटस्पॉट्स की निगरानी से लेकर ओपन बर्निंग को रोकने और शिकायतों के फॉलो-अप में बस मार्शलों की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि, "सोमवार से बस मार्शलों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी साथ हू दिल्ली सरकार जल्द बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव उपराज्यपाल को भेजेगी। उन्होंने कहा कि, भाजपा चाहे जितना षड्यंत्र रचे, अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हम ऐसे दिल्लीवासियों की हर समस्या का समाधान जरूर निकालेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में बसों में महिलाओं को सुरक्षा देने के लिए 2017-18 में दिल्ली सरकार ने दिल्ली की बसों में बस मार्शल तैनात किए। ये बस मार्शल इसलिए तैनात किए गए ताकि महिलाओं के साथ कोई छेड़छाड़ न हो, बदतमीजी न हो, डीटीसी बसों में बच्चे और बुजुर्ग सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि, बसों में इन मार्शलों की नियुक्ति से महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों को जो सुरक्षा मिली इसका कई प्रमाण दिल्लीवालों ने देखा। मार्शलों ने बस में महिलाओं के साथ होने वाली बदतमीजी को रोका, किसी बच्चे के अपहरण होने के प्रयास को रोका, बुजुर्गों की मदद की। लेकिन भाजपा को महिलाओं-बुजुर्गों-बच्चों की सुरक्षा नहीं जँची, गरीब घरों के 10,000 युवाओं को मार्शलों के तौर पर काम मिला ये जँचा नहीं। इसलिए भाजपा ने षड्यंत्र रचकर अपने अफसरों के माध्यम से अप्रैल 2023 से इन बस मार्शलों की तनख्वाह रोक दी। सीएम आतिशी ने कहा कि, "तब दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने तब बार-बार अफसरों को आदेश दिए कि बस मार्शलों को तनख्वाह मिलनी चाहिए। लेकिन भाजपा ने इनकी तनख्वाह नहीं मिलने दी और अक्टूबर 2023 में भाजपा ने अपने अफसरों के माध्यम से इन 10,000 बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नौकरी से निकलवा दिया। उन्होंने कहा कि, "इससे एक तरफ बसों में महिलाएँ असुरक्षित हुई और दूसरी तरफ 10,000 से ज्यादा परिवार के युवा बेरोजगार हो गए। अरविंद केजरीवाल जी ने बार-बार कहा कि, इन बस मार्शलों को वापिस रखा जाए। उन्होंने प्रण लिया कि चाहे जितना भी संघर्ष करना पड़े लेकिन इन बस मार्शलों को वापिस रोजगार दिलवायेंगे। सीएम आतिशी ने कहा कि, "पिछले 1 साल से ये बस मार्शल और सिविल डिफेंस वालंटियर सड़कों पर संघर्ष करते रहे। और



दिल्ली सरकार, दिल्ली सरकार के मंत्रियों और आम आदमी पार्टी के विधायकों ने उनका पूरा साथ दिया। चाहे सड़क पर संघर्ष करना हो, पुलिस की लाठियां खानी हो इन, गिरफ्तारी देनी हो लेकिन "आप" के विधायकों और दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने बस मार्शलों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि, आखिरकार इस संघर्ष के सामने भाजपा को झुकना पड़ा और बस मार्शलों की दोबारा नियुक्ति के लिए तैयार होना पड़ा। सीएम आतिशी ने बस मार्शलों के लिए खुशखबरी देते हुए कहा कि, "आने वाले कुछ दिनों में बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति का प्रस्ताव दिल्ली सरकार द्वारा उपराज्यपाल महोदय को भेजा जाएगा। लेकिन जबतक बस मार्शलों की स्थायी नियुक्ति नहीं होती तब तक फरवरी के महीने तक प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में उन्हें तैनात किया जाएगा। उन्होंने साझा किया कि, "आज दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव पास किया है, जिसमें 10,000 से ज्यादा बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स जिन्हे भाजपा द्वारा अक्टूबर में नौकरी से निकला गया। उन्हें अगले 4 महीने के लिए प्रदूषण नियंत्रण के कामों में लगाया जाएगा। इसमें प्रदूषण कंट्रोल सेंटर्स और हॉटस्पॉट्स पर निगरानी रखना, ओपन बर्निंग को रोकना, कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैनेजमेंट और उससे उड़ने वाले धूल की रोकथाम, डीजल जनरेटर के अवैध उपयोगों को रोकना और ग्रीन दिल्ली ऐप में आने वाली शिकायतों का फॉलो-आप करना है। सीएम आतिशी ने कहा कि, "इन 4 महीने प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में बस मार्शल और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स अपनी भागीदारी देंगे। सोमवार से इन बस मार्शलों का कॉल-आउट नोटिस जारी किया जाएगा। और उसके बाद ये बस मार्शल अलग अलग डीएम कायार्लाओं में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के 2-3 दिन के भीतर मार्शलों की प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में तैनाती होगी। उन्होंने कहा कि, "बस मार्शलों को 4 महीने के लिए फिर से रोजगार देने का ये फैसला इस बात का प्रमाण है कि, भाजपा दिल्ली सरकार के कामों को रोकने की कितनी भी कोशिश करें, दिल्लीवालों के कामों को रोकने की कितनी भी कोशिश करें लेकिन आखिरकार दिल्लीवालों की जीत होती है और अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार दिल्लीवालों के काम करवाती रही है। और जो जो काम भाजपा ने रोके हुए है वो आगे भी इसी तरह पूरे किए जाएँगे।

# संगोष्ठी में सड़क सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और प्रबंधन रणनीतियों पर चर्चा, सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन पर संगोष्ठी

नई दिल्ली, नवम्बर : दिल्ली में ह्यभारत-ऑस्ट्रेलिया भागीदारीह्न शीर्षक से एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें सड़क परिसंपत्ति प्रबंधन में दुनिया की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के माध्यम से बुनियादी ढांचे के प्रबंधन के नए तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिन्हें भारत की सड़कों और राजमार्गों पर लागू किया जा सकता है ताकि सर्वोत्तम परिसंपत्ति प्रबंधन परिणाम प्राप्त किए जा सकें। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय परिवहन अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ), पूर्व में ऑस्ट्रेलियाई सड़क अनुसंधान बोर्ड (एआरआरबी) द्वारा भारतीय सड़क सर्वेक्षण और प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड (आईआरएसएम) के रसद समर्थन के साथ किया गया था। एनटीआरओ एक ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वामित्व वाला अनुसंधान संगठन है, जिसके पास परिवहन प्रौद्योगिकी, परिसंपत्ति प्रबंधन (सामग्री विज्ञान और रखरखाव सहित) और सड़क सुरक्षा में 64 वर्षों से अधिक की विशेषज्ञता है। आईआरएसएम, एनटीआरओ का भारतीय संयुक्त उद्यम भागीदार है, जिसकी स्थापना 2009 में हुई थी और यह देश में उन्नत सड़क अवसंरचना माप और मूल्यांकन शुरू करने वाली भारत की पहली कंपनी है। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई, सीआरआरआई, राज्य पीडब्ल्यूडी, ऑस्ट्रेलियाई व्यापार और निवेश आयोग (ऑस्ट्रेड), ऑस्ट्रेलियाई विदेश मामलों और व्यापार विभाग (डीएफएटी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ निजी सलाहकारों और क्यूब हाईवेज और ऑस्ट्रेड जैसे निवेशकों ने भाग लिया।

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला- जीपीएस के जरिये पानी के टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों की जीपीएस से मॉनिटरिंग होगी

### सीएम आतिशी के निर्देश पर टैंकर और सीवर सफाई मशीनों की लाइव पोर्टल के जरिये होगी रियल-टाइम मॉनिटरिंग

**09 नवंबर, नई दिल्ली** दिल्ली में टैंकरों द्वारा जल आपूर्ति और सीवरों की सफाई को प्रभावी और पारदर्शी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत अब दिल्ली सरकार, दिल्ली जल बोर्ड के जीपीएस मॉनिटरिंग पोर्टल को लाइव करेगी। इस पोर्टल के जरिए पानी के टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों (एससीएम) का जीपीएस के जरिए ट्रैक किया जाएगा। पोर्टल पर रियल टाइम मॉनिटरिंग के साथ अधिकारी सुनिश्चित कर सकेंगे कि, पानी के टैंकर निश्चित समय और स्थान पर आपूर्ति के लिए पहुंच सके और साथ ही सीवर सफाई मशीनों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा सकेगी। निगरानी के जरिये किसी भी प्रकार की खामियों को दूर करते हुए लोगों को समय पर सेवाएं दी जा सकेगी। इस बाबत साझा करते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने कह कि, दिल्ली सरकार, शहर में लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में पानी के टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों की निगरानी के लिए जीपीएस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे



पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी और इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि सभी पानी के टैंकर और सीवर सफाई मशीनें अपने निर्धारित मार्गों पर रहें और समय पर आवश्यक सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि, जीपीएस मॉनिटरिंग पोर्टल का लाइव होना इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल सर्विसेज की निगरानी करना आसान होगा बल्कि किसी भी प्रकार की अनियमितता को दूर किया जा सकेगा। बता दे कि, इस बाबत जलबोर्ड के सभी अधिकारियों को ये सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है कि, पानी के सभी टैंकरों और सीवर सफाई मशीनों में जीपीएस के रखरखाव का ध्यान रखा जाए। इसे लेकर हर सर्कल में एक टेक्निकल एग्जीक्यूटिव भी तैनात किया जाएगा जो जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी किसी भी तकनीकी समस्या का समाधान करेंगे ताकि ये सुचारू रूप से चलता रहे।

# आज पूरी दुनिया और मुस्लिम जगत भारत की ओर हसरत भरी नजरों से देख रहा है: मस्जिदे नबवी के इमाम

## जमीयत अहले हदीस के अध्यक्ष ने समान नागरिक संहिता पर उठाया सवाल

›› आज पूरी दुनिया में अराजकता का माहौल: राब्ते आलम-ए-इस्लामी के उप महासचिव




**अब्दुल हफीज**

**दिल्ली।** 09 नवंबर मस्जिदे नबवी के इमाम, डॉ. अब्दुल्ला बिन अब्दुल रहमान अल-बईजान ने राम लीला में जमीयत अहल-ए-हदीस द्वारा आयोजित दो दिवसीय 35वें अहल-ए-हदीस सम्मेलन ' को संबोधित किया जिस का शीर्षक मानवता का सम्मान और विश्व धर्म था। सब से पहले उन्होंने हिन्दुस्तान में शांति और सुकून की दुआ की। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया और मुस्लिम देश भारत की ओर हसरत भरी नजरों से देख रहा है. उन्होंने भारतीय मुसलमानों से इस्लाम की रक्षा और प्रसार के लिए आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया मानवता की रक्षा को लेकर चिंतित है. इस्लाम ने अपनी स्थापना के बाद से मानवता की रक्षा के लिए कई कार्य किए हैं। इस्लाम ने सदैव मानवता की रक्षा का प्रयास किया है। इस विषय पर प्यारे पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से संबंधित कई हदीसें हैं। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब और उसके शासक किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज मानवता के कल्याण, विकास और सुरक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत हैं और पूरी दुनिया में इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर शाही इमाम अहमद बुखारी के बेटे भी कांफ्रेंस में शामिल हुए और देश में शांति और स्थिरता बने रहने की दुआ की। इस के अतिरिक्त राब्ते आलम-ए-इस्लामी के उप महासचिव अब्दुल रहमान बिन अब्दुल्ला अल-जायद ने मानवता के सामने मौजूद चुनौती के बारे में बात करते हुए कहा कि आज इस मंच से मानवता की सुरक्षा और सम्मान के बारे में चर्चा की जा रही है. यह सराहनीय है. उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में अराजकता का माहौल है और इस्लाम का संदेश पूरी दुनिया में फैलाने की जरूरत है। इस मौके पर मरकजी जमीयत अहल हदीस हिंद के अमीर और कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मौलाना असगर अली इमाम सलाफी मेंहदी ने अपने संबोधन में इस्लाम की रोशनी में मानवता की सुरक्षा और महिलाओं, खासकर बहनों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के युग में बहनों को उनका हक दिलाने के मुद्दे पर भाई द्वारा रिश्ते तोड़े जा रहे हैं। ऐसे माहौल में हमारी सरकार समान नागरिक संहिता लाकर महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने की बात कर रही है. यानी अपनी संपत्ति का आधा हिस्सा देने की बात हो रही है, तो क्या हमारे मुस्लिम भाई अपनी संपत्ति का आधा हिस्सा अपनी बहनों को देंगे? सम्मेलन में जमीयत उलेमा हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी समेत बड़ी संख्या में विद्वान और बुद्धिजीवी मौजूद थे. इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए मस्जिद नबवी के इमाम विशेष रूप से भारत आए हैं। कल वह यहां मगरिब और इशा की नमाज भी अदा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र का संचालन मौलाना अब्दुल हकीम अब्दुल माबूद मदनी ने किया। गौरतलब है कि कांफ्रेंस देश के अलग अलग हिस्सों से लोगों ने शिरकत की। प्रोग्राम को सुचारू रूप से चलाने के लिए सिक्योरिटी की सख्त व्यवस्था थी।

## बीजेपी का आरोप, दिल्ली सरकार की मिलीभगत से हुआ डिस्कॉम घोटाला

### शराब घोटाले से भी है बड़ा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की हम शीघ्र दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलकर मांग करेंगे की दिल्ली की तीन मे से दो पावर डिस्कॉम जो बीएसइएस समूह से जुड़ी है के पिछले 10 वर्ष के खातों की जांच के आदेश दें। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की कल भाजपा ने एक प्रश्न उठाया की दिल्ली में 3 पावर डिस्कॉम हैं जिनमे से एक लाभ मे चल रही है दो घाटे मे चल रही हैं जबकि तीनों की बिजली खरीदने बेचने की सभी परिस्थिती एक सी हैं। हमने बताया की एक कम्पनी सरकार को सैकड़ों करोड़ का लाभ डिविडेंड दे रही है शेष दो हजारों करोड़ का घाटा दिखा रही हैं। साथ ही हमने कहा की यह आश्चर्यजनक है की आखिर क्यों दिल्ली सरकार लगातार घाटा दिखा रेगुलेटरी असैट बना रही निजी कम्पनियों पर कोई कार्रवाई नही कर रही जबकि इस मूल कम्पनी ने ओडिशा में बारे बार घाटा दिखाया तो राज्य सरकार ने इस कम्पनी का कांट्रैक्ट रद्द कर दिया। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष ने कहा की भाजपा ने हेरफेर का आरोप दो निजी कम्पनी पर लगाया और सरकार की नियती पर सवाल उठाया तो उन्हें जवाब देना चाहिए था पर वो दोनो चुप हैं जो कहीं ना कहीं आरोप की मौन स्वीकृति है। दिल्ली भाजपा का आरोप यदि गलत होता तो डिस्कॉम या सरकार जवाब देते पर जवाब दें रही है सत्ताधारी आम आदमी पार्टी पर "आप" भी भाजपा के पावर डिस्कॉम के खातो में हेरफेर के आरोप को नाकार नहीं रही वो सिर्फ अपनी फ्री बिजली पानी की रही रटाई कहानी सुना कर पावर डिस्कॉम एवं सरकार के मिले जुले घोटाले से जनता का ध्यान भटकाने चाह रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है हम पुनः दिल्ली सरकार से मांग करते हैं कि वह बताये आखिर क्यों उसने नियमों के विरूद्ध दस साल तक घाटे के नाम पर रेगुलेटरी असैट निजी कम्पनी को बनाने दिये। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है पावर डिस्कॉम में हेरफेर के भाजपा के आरोप पर आप की बौखलाहट ने स्थापित कर दिया है की यह पावर डिस्कॉम एवं दिल्ली सरकार की मिलीभगत से हुआ यह पावर डिस्कॉम घोटाला तो शराब घोटाले से भी बड़ा घोटाला है।

## दिल्ली में शुरू हुई कांग्रेस की न्याय यात्रा

### चुनाव से पहले 70 विधानसभा सीटों को करेगी कवर

**दिल्ली।** अगले साल के शुरूआत में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को अपनी दिल्ली में न्याय यात्रा की शुरूआत की। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव के नेतृत्व में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट से शुरू हुई 'न्याय यात्रा' चार चरणों में होगी और सभी 70 सीटों को कवर करने के बाद 4 दिसंबर को समाप्त होगी। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी आपके अधिकारों के लिए लड़ रही है। युवाओं को रोजगार, अधिकार और सभी धर्मों के लोगों को सम्मान दिलाने के लिए न्याय यात्रा निकाली जा रही है। सुक्खू ने कहा कि न्याय यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मजदूरों को उनका अधिकार मिले, किसानों को उनका न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले और महिलाओं को सम्मान मिले। इससे पहले दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आईटीओ स्थित छठ घाट पर सफाई अभियान के साथ कांग्रेस की 'न्याय यात्रा' की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि दिल्ली न्याय यात्रा आने वाले दिनों में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी और इसकी शुरूआत आज राजघाट से हो गई है। लेकिन उससे पहले दिल्ली की सोई हुई सरकार को जगाने के लिए हम आईटीओ के इस छठ घाट पर आए हैं और सांकेतिक तौर पर सफाई अभियान चलाया है।

# एन.टी.पी.सी. ने भारत के विकास को पांच दशकों तक सशक्त बनाने का प्रतीक, 50वां स्थापना दिवस मनाया

नई दिल्ली, नवम्बर : भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनी, एनटीपीसी लिमिटेड ने अपना 50वां स्थापना दिवस मनाया। एनटीपीसी लिमिटेड ने भारत के बिजली सेवा क्षेत्र में पांच दशकों के दौरान उल्लेखनीय विकास, नवाचार और योगदान दिया है।

सीएमडी गुरदीप सिंह ने बोर्ड के निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में नोएडा स्थित इंजीनियरिंग कार्यालय परिसर (ईओसी), में एनटीपीसी ध्वज फहराया। इस समारोह में सभी स्थानों से कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस अवसर के दौरान, सीएमडी एनटीपीसी ने वस्तुतः हाइड्रोजन-ईंधन बसों का शुभारंभ किया। यह सेवा लेह में शुरू होने वाली हैं। हाइड्रोजन बसें स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ाने के लिए एनटीपीसी की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एक बड़ी अभूतपूर्व उपलब्धि की घोषणा की - पीईएम इलेक्ट्रोलाइजर से उत्पादित हाइड्रोजन के साथ ग्रिप गैस से प्राप्त सीओ2 का सफल संश्लेषण, जिसे एनटीपीसी के विंध्याचल संयंत्र में मेथनॉल में परिवर्तित किया गया था। उन्होंने कहा कि सीओ2 कैप्चर प्लांट और सीओ2-टू-मेथनॉल प्लांट दोनों दुनिया में अपनी तरह के पहले हैं, जो कार्बन प्रबंधन और टिकाऊ ईंधन उत्पादन में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने आगे कहा कि एनटीपीसी जेन-4 इथेनॉल, ग्रीन यूरिया और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल पर काम कर रहा है। कंपनी ने मेथनॉल संश्लेषण के लिए ह्यप्रथम स्वदेशी उत्प्रेरकह्न का भी विकास और परीक्षण किया है और पर्यावरण-टिकाऊ भविष्य के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए हाइड्रोजन, कार्बन कैप्चर और अन्य नवीन प्रौद्योगिकियों के साथ पर्याप्त प्रगति की है।

## न्यायालय ने एएमयू अल्पसंख्यक दर्जा मामले में चार अलग-अलग फैसले सुनाए

उच्चतम न्यायालय की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे के मामले में शुक्रवार को चार अलग-अलग फैसले सुनाए। संविधान पीठ की अगुवाई कर रहे भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस संबंध में चार अलग-अलग मत थे जिनमें तीन असहमति वाले फैसले भी शामिल हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने अपने और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के लिए बहुमत का फैसला लिखा है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अलग-अलग असहमति वाले फैसले लिखे हैं। फैसला सुनाने की प्रक्रिया जारी है।

# समूचे जनपद अमरोहा मे अपंजीकृत झोलाछाप डाक्टरों की भरभार, स्वास्थ्य विभाग मोन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** समूचे जनपद अमरोहा मे हजारों की तादात मे ग्राम-ग्राम नगर-नगर गली-गली मे अपंजीकृत झोलाछाप डाक्टरों की भरमार है जिनके विरुद्ध आवश्यक जांच पड़ताल कराने की मांग के साथ स्वतंत्र पत्रकारों के द्वारा प्रतिदिन बड़ी-बड़ी खबरे़ प्रकाशित होती रहती हैं। बावजूद इसके जिला स्वास्थ्य विभाग अमरोहा अभी तक तमाम अपंजीकृत झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिकों को बन्द कराने मे पूरी तरहा से विफल रहा हैं! हां समाचार पत्रों मे छपी खबऱों के दबाव मे आकर कभी-कभी गाहे- बगाहे हल्की-फुल्की कानूनी कार्यवाही जरुर की जाती रही है मुख्य चिकित्सा अधिकारीयों/नोडल अधिकारी के द्वारा लेकिन दो चार दिन बाद संबंधित अपंजीकृत झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक आदि की सील खोल दी जाती है! जिस्से ऐसा प्रतीत होता है जैसे जिला स्वास्थ्य विभाग अमरोहा धन सौदा कर सांठ-गांठ कर अपंजीकृत झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक आदि की सील खोल देने का कार्य करने मे लिप्त हो,ठीक इसी तरहा का गोलमाल जिला स्वास्थ्य विभाग अमरोहा के द्वारा जनहित मे अपंजीकृत झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक-पैथोलोजी लैप की जानकारी जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत कोई आवेदक आर टी आई पिटीशन पंजीकृत डाक से रजिस्टर कराता है तो उसका भी कोई जबाव उपलब्ध नहीं कराया जाता है इस से भी ऐसा प्रतीत होता है जैसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जन सूचना अधिकारी अमरोहा की नजर मे जन सूचना अधिकार कानून 2005 की कोई अहमियत ही नहीं है! यहां हम आपको बताते चलें की सामाजिक कार्यकर्ता अली अहमद सैफी जो पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ता हैं उनके द्वारा पिछले लग-भग 18 वर्ष से लगाकर (आर टी आई ) पिटीशन समस्त विभागों मे व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच पड़ताल किए जाने हेतु जनहित मे पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजी जाती रही हैं। परन्तु जिला अमरोहा स्वास्थ्य विभाग से ना के बराबर जबाव ही सैफी को उपलब्ध करवाए गये हैं! बाकी समस्त विभागों से सही या गलत जबाव जरूर उपलब्ध करवाए जाते रहे हैं। केवल स्वास्थ्य विभाग अमरोहा ही एकल ऐसा विभाग है जहां मौजूदा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का खुले रूप से बहिस्कार किए जाने का अनुचित कार्य किया जा रहा है! यहां एक बात काविले गौर है की जिला स्वास्थ्य विभाग अमरोहा से संबंधित आर टी आई पिटीशन की द्वित्तीय अपीलें मान्य राज्य सूचना आयोग मे जाकर भी अकारण निरस्त करा दी जाती रही हैं।



# फिर चला हरे-भरे आम के पेड़ों पर आरा, वन विभाग ने की कार्रवाई

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शनिवार की देर रात नगर में लकड़ी माफियाओं ने हरे-भरे आम के पेड़ों पर आरा चला दिया, वही मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके से आम के पत्तों की कुट्टी काटने की मशीन एवं अन्य पेड़ काटने की सामग्री अपने कब्जे में ले ली, बता ते चले कि नगर के चामुंडा मंदिर रोड से आगे ईदगाह के निकट लकड़ी माफियाओं ने शनिवार की देर रात आम के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी वही आम के पेड़ काटने की सूचना पर दरोगा पलट राम वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए जिन्हें देखकर लकड़ी काट रहे हरे-भरे आम के पेड़ काट रहे वन माफिया फरार हो गए, तथा वन दरोगा पलट राम ने लकड़ी काटने का आरा, कुल्हाड़ी एवं आम के पत्तों की कुट्टी काटने की मशीन को अपने कब्जे में ले लिया, वहीं अब वन विभाग संबंधित लोगों पर जुमार्ना की कार्यवाही करने जा रही है, वही आपको बता दें कि इससे पूर्व भी नगर के हैवातपुर बंजारा रोड पर बन माफिया हरे भरे आम के पेड़ों को काटकर पर्यावरण को नुकसान पहुंच चुके हैं, लेकिन वन विभाग सूचना मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं करता तो ऐसे में वन विभाग सवालों के घेरे में आ जाता है, सूत्रों की माने तो वन विभाग की मिली भगत से लकड़ी माफिया, वन माफिया हर रोज आम पट्टी कहलाने वाले क्षेत्र को बर्बाद करने पर तूले हुए हैं लेकिन जिम्मेदार लोग किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने से बचते हुए नजर आते हैं।

# भारतीय किसान संघ ने देसी गायों की पूजा कर मनाई गोपाअष्टमी



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने गांव मिजार्पुर डूंगर में देसी गायों का पूजन कर गोपाष्टमी पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया, इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा ने गायों की पूजा की एवं गुड वह हरा चारा खिलाकर, गायों की रक्षा का संकल्प लिया वहीं उन्होंने कहा कि हमारे देश में गाय हमारी पूजनीय है और हम उन्हें अपनी माता मानते हैं इसलिए हमें गायों की रक्षा करनी चाहिए तथा गायों की पूजा करनी चाहिए, इस मौके पर मुख्य रूप से जयप्रकाश शर्मा, धर्मपाल सिंह, जगबीर सिंह, राजकुमार, जसराम सैनी, नन्हे सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड ने 24 वर्षों में रचा विकास का नया अध्याय : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 9 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार शाम गोमती तट स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन में 10 दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य ने अपने स्थापना के 24 वर्ष पूरे कर लिए हैं और रजत जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड स्थापना दिवस के इस विशेष मौके पर उत्तराखंडवासियों को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 24 वर्षों में उत्तराखंड ने विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं और अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हुए नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। प्रदेश में प्रतिवर्ष उत्तराखंड महोत्सव का आयोजन करके उसकी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान दिये जाने पर उत्तराखंड महापरिषद् का मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के पवित्र धाम- बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और जागेश्वर धाम का स्मरण करते हुए कहा कि सदियों से ये पावन स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्रबिंदु रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब यह स्थान पर्यटन का भी प्रमुख आकर्षण बन चुके हैं, जहां देश-विदेश से लोग खिंचे चले आते हैं। केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण कार्य और सुविधाओं के विस्तार से यहां पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। जागेश्वर धाम का विशेष रूप से प्रधानमंत्री द्वारा दौरा करने के बाद इसे वैश्विक पहचान मिली है। पर्यटन ने न केवल रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ किया है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तराखंड महापरिषद की स्थापना उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्वर्गीय गोविंद बल्लभ पंत द्वारा की गई थी, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को संजोने का कार्य कर रही है। इस परिषद के तहत गढ़वाल और कुमाऊं की समृद्ध सांस्कृतिक प्रथाओं का प्रदर्शन किया जाता है, जिससे स्थानीय कलाकारों और समाजसेवियों को प्रोत्साहन मिलता है। यह पहल उत्तराखंड राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभा रही है।





# पालिका अध्यक्ष ने गौशाला में पहुंचकर गायों की सेवा कर गोपाष्टमी पर्व मनाया

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** रविवार को गोपाष्टमी के पर्व पर जगह-जगह लोगों ने गायों की पूजा की एवं गुड एवं हरा चारा खिलाया, इसी क्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजपाल सैनी ने पत्नी कविता सैनी के साथ नगर स्थित कान्हा गौशाला में पहुंचकर गायों की पूजा की एवं उन्हें गुड़ वह हरा चारा खिलाया, इस संबंध में पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि गायों की सेवा करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा सनातन धर्म में गौ सेवा से बड़ी सेवा नहीं है हमें अपने जीवन में अपने माता-पिता के साथ-साथ गौ माता की भी सेवा करनी चाहिए, पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं उनकी पत्नी ने गायों की विधिवत रूप से पूजा की और उनका आशीर्वाद लिया, इस बीच उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया तथा गायों की सेवा में किसी प्रकार की भी कमी ना आने देने की कर्मचारियों को हिदायत दी, इस मौके पर मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, पत्नी कविता सैनी, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, करण सिंह, मनी सिंह, आदि सहित नगर पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।

# कालीचरण पीजी कॉलेज में फायर सेफ्टी कार्यशाला का आयोजन

**लोकतंत्र की शान/लखनऊ देवेंद्र शर्मा ब्यूरो**



**लखनऊ-** कालीचरण पी0जी0 कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अग्नि से बचाव एवं सुरक्षा" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने नागरिक सुरक्षा कोर से आए हुए श्री मनोज वर्मा तथा श्री सुनील कुमार शुक्ला को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया एवं विद्यार्थियों को अग्नि से होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक किया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नागरिक सुरक्षा कोर की तरफ से राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज वर्मा एवं डिवीजनल वार्डन, चौक, नागरिक सुरक्षा से श्री सुनील कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को आग की प्रकृति, शॉर्ट सर्किट एवं एलपीजी सिलेंडर से आग लगने पर बचाव एवं सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। इस दौरान श्री वर्मा ने आग बुझाने की प्रक्रिया को करके दिखाया और विद्यार्थियों से करवा कर उनको अभ्यास का मौका भी दिया। साथ ही साथ इस कार्यशाला में पीड़ित एवं घायलों की उपचार देने के लिए स्ट्रेचर तैयार करना भी सिखाया। नागरिक सुरक्षा कोर की टीम ने अग्निशमन पर विस्तृत जानकारी देते हुए आग क्या होती है? और कितने प्रकार की होती है? तथा आग को किन-किन विधियों के द्वारा नियंत्रित किया जाता है के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को बताया। साथ ही साथ आग पर काबू पाने के लिए प्रयोग होने वाले अग्निशमन के तरीके भी सिखाए। इस एक दिवसीय कार्यशाला में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी एवं डॉ0 शिवकुमार उपस्थित रहे।

# सच्चे जनसेवक और समर्पित राजनेता थे गोपाल जी- सीएम योगी

## पूर्व मंत्री स्व. आशुतोष टंडन 'गोपाल जी' की पुण्यतिथि

**लखनऊ, 9 नवंबर।** पूर्व मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता स्व. आशुतोष टंडन 'गोपाल जी' की पहली पुण्यतिथि पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में "राजनीति में शालीनता, सुचिता और सेवा" विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। लालजी टंडन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शिरकत की। नेताओं ने स्व. आशुतोष टंडन चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके राजनीतिक योगदान और जीवन की उपलब्धियों को याद किया गया। सीएम योगी ने गोपाल जी के साथ अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक अनुभव साझा करते हुए उन्हें सच्चे जनसेवक और समर्पित नेता के रूप में याद किया।

**सीएम योगी ने किया गोपाल जी के समर्पण का स्मरण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि जब 2017 में उन्हें मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा गया, तब गोपाल जी को चिकित्सा और प्राविधिक शिक्षा विभाग का कार्यभार दिया गया। गोपाल जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन को उत्तर प्रदेश में उतारने में पूरी लगन के साथ मेहनत की। लखनऊ में एसजीपीजीआई, आरएमएल, और अन्य चिकित्सा संस्थानों के विकास के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया। गोपाल जी ने प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की स्थिति को सुधारने के लिए अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया।

**गोपाल जी में पार्टी परंपराओं को सहेजने की थी गहरी रुचि झ सीएम**

सीएम योगी ने बताया कि गोपाल जी को बीजेपी के पुराने नेताओं और परंपराओं की स्मृतियों को संजोने की गहरी रुचि थी। वे चाहते थे कि आरएमएल के एक सेंटर का नाम पूर्व मुख्यमंत्री राम प्रकाश गुप्ता के नाम पर हो और लखनऊ के पूर्व मेयर डॉक्टर एसजी राय के नाम पर एक बैंक की स्थापना हो। यह उनकी विचारशीलता और बीजेपी की परंपराओं को सहेजने की गहरी सोच को दशार्ता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोपाल जी ने हर काम को बिना किसी प्रचार के शालीनता और सादगी के साथ किया और पार्टी के सिद्धांतों को कायम रखा।

**स्थानीय जनसंपर्क में था उनका अनोखा अंदाज**

सीएम योगी ने गोपाल जी के जनसंपर्क शैली का एक प्रेरक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि 2019 के चुनावों के दौरान गोपाल जी वाराणसी में चुनाव प्रचार में लगे थे, परंतु वे सुबह की पार्टी बैठक में शामिल नहीं हो पाते थे। इस पर लोगों को लगा कि वे गायब रहते हैं, लेकिन जब मुख्यमंत्री ने उनसे इस बारे में बातचीत की, तब गोपाल जी ने एक अलग ही पहलू बताया। वे प्रतिदिन सुबह वाराणसी की गलियों में स्ट्रीट वेंडर्स, चाय-पान की दुकानों और छोटे व्यवसायियों से मिलते थे। इस प्रकार उन्होंने आम जनता के साथ गहरे संबंध बनाए। उनकी यह शैली उन्हें जनता से और करीब लाती थी और बीजेपी के समर्थन को मजबूत करती थी। सीएम योगी ने कहा कि गोपाल जी का यह तरीका जनसंपर्क और जनता के साथ रिश्ते मजबूत करने में प्रभावी साबित हुआ।



# बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है...: सीएम योगी

## उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने खैर, सीसामऊ व करहल के भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में की रैली

**अलीगढ़/कानपुर/मैनपुरी, 9 नवंबर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दूसरे दिन तीन रैली की। उन्होंने खैर से सुरेंद्र दिलेर, सीसामऊ से सुरेश अवस्थी व करहल से अनुजेश यादव के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व, नीति व नेताओं को निशाने पर रखा। कहा कि सपा की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं। करहल में उन्होंने अखिलेश यादव की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप मढ़ा कि कश्मीर को फिर से आतंकवाद का गढ़ बनाने के लिए शरारत प्रारंभ हो चुकी है।

**कांग्रेस ने इमरजेंसी में नेताजी को बंद किया और अखिलेश ने उसी कांग्रेस से गठजोड़ किया**

सीएम योगी ने करहल में अखिलेश यादव पर निशाना साधा। बोले कि उनका आचरण अपने पिता व सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की भावनाओं के विरुद्ध है। अखिलेश यादव की सपा कांग्रेस की गोदी में खेल रही है। कांग्रेस ने इमरजेंसी में नेताजी को बंद किया था। नेताजी हमेशा कांग्रेस का विरोध करते थे। वे कहते थे कि धोखे से भी इसके साथ नहीं रहना है, लेकिन सपा अब नेताजी के मूल्यों-आदर्शों से खुद को दूर कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व के कृत्यों से मुलायम सिंह यादव को कष्ट हो रहा होगा कि उनका सपूत सपा को कांग्रेस के पास गिरवी रखकर पार्टी का सत्यानाश करने पर उतारू हो गया है। कुछ लोगों की प्रवृत्ति होती है, जो जिंदगी भर उनके साथ जुड़ जाती है। बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है, इसलिए कभी-कभी ऐसा काम कर देता है, जिससे मैनपुरीवालों के सामने भी संकट खड़ा हो जाता है। सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह ने राममनोहर लोहिया को आदर्श बनाया था। डॉ. लोहिया ने कहा था कि सच्चा समाजवादी वह है, जो संपत्ति व संतति का मोह न करे, फिर भी सपा में सारा पद एक ही परिवार को चाहिए।

**मथुरा-वृंदावन को लेकर सपा क्या सरकार की सोच का समर्थन करेगी**

सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी रामद्रोही है। वे राममंदिर का दर्शन करने नहीं गए, क्योंकि उन्हें लगता था कि वोटबैंक खिसक जाएगा। करहलवासी उनसे कहें कि आप कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं कर सकते तो हमारा वोट लेने क्यों आते हैं। हम आपसे बॉय-बॉय करते हैं। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। हमने करके दिखा दिया। श्रीकृष्ण-कन्हैया हम आएंगे, मथुरा में भी जनभावना का सम्मान कराएंगे, क्या सपा इस पर सहमत है। क्या समाजवादी पार्टी मथुरा-वृंदावन को लेकर सरकार की सोच का समर्थन करेगी। उन्हें वोट चाहिए, लेकिन कृष्ण-कन्हैया का सम्मान नहीं। वे इस पर मौन हैं। सरकार मथुरा, गोकुल, बरसाना, बलदेव, वृंदावन तीर्थों का विकास कर रही है। लगता है मथुरा-वृंदावन पांच हजार पहले के कालखंड में जा चुका है, जब कन्हैया स्वयं वहां निवास करते थे।



**अपने कारनामों से जानी जाती है सपा**

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में निषाद बेटी और कन्नौज में सपा नेता के कृत्य किसी से छिपे नहीं हैं। यह सभ्य समाज के कलंक हैं। लाल टोपी-काले कारनामे को पनपने मत दीजिए। यह लोग षडयंत्र कर रहे हैं, फिर से यूपी को अराजकता में ढकेल देंगे। लोकसभा चुनाव में इनका झूठ एक्सपोज हो गया। इनसे पूछिए कि खटाखट-खटाखट के एक-एक लाख रुपये कहां हैं। चुनाव में इनको सफाचट कर दीजिए। गलत व्यक्ति को प्रश्रय देने से भावी पीढ़ी के भविष्य से खिलवाड़ और वर्तमान पीढ़ी बर्बाद होती है।

# गीडा के व्यावसायिक योजना में और मजबूत होगा इंफ्रास्ट्रक्चर

**गोरखपुर, 9 नवंबर।** योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते सात साल से निवेश के पसंदीदा गंतव्य में सम्मिलित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में कारोबारियों को कार्य सुगमता के लिए शानदार बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिल रहा है। इसके लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में गीडा परिक्षेत्र के सेक्टर 22 के फेज 1 और 2 ट्रांसपोर्टनगर में व्यावसायिक योजना के अंतर्गत रोड कनेक्टिविटी पर पौने आठ करोड़ रुपये और खर्च किए जाएंगे। योगी सरकार के सात साल में गीडा परिक्षेत्र में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को नई ऊंचाई मिली है। जिस गीडा क्षेत्र में 2017 के पहले तक लचर कानून व्यवस्था, ढांचागत सुविधाओं के घोर अभाव और सरकारों के उदासीन रवैये से निवेश दूर की कौड़ी लगती थी। अब उसी गीडा में योगी सरकार में निवेश की बहार है। जहां यूनिट लगाने से उद्यमी कतराते थे वहां अब उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के बाद अब तक गीडा क्षेत्र में करीब 2800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव पूरी तरह धरातल पर उतर चुके हैं। सरकार नोएडा की तर्ज पर गीडा को विकसित करने में जुटी है। उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ समय-समय पर खुद उद्यमियों के बीच मुख्यमंत्री के होने से औद्योगिक माहौल बेहतर होता गया और नोएडा की तरह गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया। उद्योगों और कारोबार के विविध क्षेत्रों की बढ़ रही श्रृंखला में गीडा प्रशासन लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर भी ध्यान दे रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को और मजबूत करने के लिए नई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है तो साथ ही पहले से बनी सड़कों के सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण पर भी मुकम्मल ध्यान दिया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र के साथ ही इसमें व्यावसायिक क्षेत्र को भी शामिल किया गया है। हाल ही में गीडा प्रशासन की तरफ से गीडा परिक्षेत्र के सेक्टर 22 फेज 1 ट्रांसपोर्टनगर में सड़कों की मरम्मत और निर्माण के लिए 4 करोड़ 25 लाख रुपये तथा फेज 2 के लिए 3 करोड़ 59 लाख रुपये के कार्यों का टेंडर निकाला गया है। ये सभी कार्य नौ माह में पूरे कराए जाने है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए एक अरब छह करोड़ से अधिक की मंजूरी

**लखनऊ, 9 नवंबर:** योगी सरकार ने किसानों को कृषि क्षेत्र में जोखिम से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एक अरब छह करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। यह वित्तीय स्वीकृति वर्ष 2024-25 में नेशनल क्रॉप इन्श्योरेन्स प्रोग्राम (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) के अन्तर्गत प्रदान की गई है। डबल इंजन सरकार अन्नदाता किसानों के उत्थान व विकास के लिए कृत संकल्पित है। योगी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य कृषि में टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देना है। किसानों को अप्रत्याशित घटनाओं के कारण फसल हानि/क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उनकी आय को स्थिर करना है, जिससे वे खेतीबाड़ी में लगे रहें। किसानों को नवीन एवं आधुनिक कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना, जिससे खाद्य सुरक्षा, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र की वृद्धि एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के साथ-साथ किसानों को उत्पादन जोखिमों से बचाने में भी मदद मिलेगी।



# आज लखनऊ में बुक ट्रस्ट के तत्वावधान मैं आज आयोजित

**लोकतंत्र/लखनऊ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज लखनऊ में बुक ट्रस्ट के तत्वावधान मैं आज आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और लखनऊ की प्राण गोमती नदी के तट पर पुस्तक मेले का आयोजन करते हुए एक अभिनव प्रयास करते हुए कहा पूर्ण विश्वास है कि गोमती पुस्तक महोत्सव नई ऊंचाइयां को प्राप्त होगा और इसे आगे तक लेकर जाएगा इस आयोजन से जुड़े सभी महानुभावों का हृदय से



अभिनंदन करते हुए मान्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस महोत्सव का उद्घाटन किया।

# हरियाणा

# जो मुख्यमंत्री समोसे की रक्षा नहीं कर सकता वह 80 लाख हिमाचलियों की रक्षा कैसे करेगा : अनिल विज

### हिमाचल प्रदेश के प्रशासन की क्या स्थिति है और बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह, जो अपने मुख्यमंत्री का समोसा कौन खा गया, का पता नहीं लग पा रहे हैं : अनिल विज

अंबाला छावनी, नवंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि जो मुख्यमंत्री समोसे की रक्षा नहीं कर सकता वह 80 लाख हिमाचलियों की रक्षा कैसे करेगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह आज लगा हुआ है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हिमाचल प्रदेश के प्रशासन की क्या स्थिति है जो अपने मुख्यमंत्री का समोसा कौन खा गया, का पता नहीं लग पा रहे हैं। विज शनिवार मीडिया कर्मियों द्वारा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का समोसा कौन खा गया, की जांच के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश के शिमला में 21 अक्तूबर को सीआईडी दफ्तर में एक कार्यक्रम हुआ था, जिसमें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू भी शामिल हुए थे। इस कार्यक्रम में होटल रेडिसन से समोसे और केक मंगवाया गया था, लेकिन सीएम को सर्व किए गए मैन्यू में इसका जिक्र नहीं था और इस वजह से उन्हें ये समोसे और केक नहीं दिया गया। बाद में सीएम के स्टाफ में केक और समोसे बांटे गए तो सीआईडी ने जांच कर डाली। तीन पेज की जांच रिपोर्ट में सीआईडी को पता चला कि समोसे तो स्टाफ को खिला दिए गए थे और इस मुद्दे से अब सरकार की काफी किरकिरी हो रही है।

## 500 ऑर्डिनरी बसें और 150 एयर कंडीशन बसें परिवहन बेड़े में जोड़ी जाएंगी : विज


हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज।

सभी बस कंडक्टर और ड्राइवर की जांच के शिविर लगाए जाएंगे, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं और इस संबंध में वर्कआउट किया जाएगा कि यह शिविर कहां लगाए जाने हैं ताकि सभी की नियमित तौर पर जांच की जाए। उन्होंने कहा कि 500 ऑर्डिनरी बसे और 150 एयर कंडीशन बसें परिवहन बेडे में जोड़ी जाएंगी। इसके अलावा विज ने कहा कि भाजपा ने जो वहां पर दंगे हुए उनको कंट्रोल करने की कोशिश की है और राहुल गांधी जी भी वहां पर गए थे और यह भड़का के आए थे परंतु भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले को शांत करने की कोशिश की है।

### कोई भी पार्टी अब अनुच्छेद 370 को दोबारा नहीं लगा सकती

जम्मू कश्मीर विधानसभा में हो रहे हगामें के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को उठाकर बाहर फेंकने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में विज ने कहा कि जो वह वहां पर कर रहे हैं और वह जानते हैं कि हम यह कर नहीं सकते क्योंकि अनुच्छेद 370 को कोई भी प्रदेश की असेंबली रद नहीं कर सकती है वह केवल अपनी जनता को गुमराह कर रहे हैं।

### खडगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा सभी विपक्षी के मुंह हरियाणा की जनता ने बंद कर दिए

**विपक्ष** द्वारा महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये लोग हरियाणा में भी कहते थे लेकिन हरियाणा की जनता ने उनका मुंह बंद कर दिया। खडगे जी, राहुल गांधी, सोनिया गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा सभी विपक्षी के मुंह हरियाणा की जनता ने बंद कर दिए। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह द्वारा प्रधानमंत्री पर वक्फ बिल के सबंध में लगाए गए आरोप के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब लोकसभा में बिल प्रस्तुत किया जाता है तो सब अपनी मर्जी से वोट डालते हैं कुछ पक्ष में डालते हैं तो कुछ उसके विरुद्ध डालते हैं और वहां ऑनलाइन कैमरा होता है लाइव होता है यह किस आधार पर संजय सिंह कह रहे हैं कि जबरदस्ती बिल पास कराया जाएगा जो हक में होंगे वह हक में वोट डालेंगे जो विरुद्ध में होंगे विरोध में डालेंगे।

## भाजपा के नेता कांग्रेस की चिंता छोड़कर जनहित के बारे में सोचे : संदीप हुड्डा

### हरियाणा किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन बोले, डीएपी खाद ना मिलने से किसान परेशान, सरकार कालाबाजारी करने वालो पर करे सख्त कारवाई


फाइल फोटो हरियाणा किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन संदीप हुड्डा।

रोहतक, नवंबर : हरियाणा किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन संदीप हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में डीएपी खाद की भारी किल्लत के चलते किसान पूरी तरह से परेशान है, लेकिन सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है।

साथ ही जिन किसानों को डीएपी खाद मिल भी रही है, उन्हें भी इसके साथ जबरन दूसरी वस्तुएं जैसे नैनो यूरिया, कीटनाशक दवाए आदि खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने किसानों के साथ की जा रही जबरदस्ती की कड़ी शब्दों में निंदा की और किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध करवाने व कालाबाजारी करने वालो पर सख्त कारवाई की सरकार से मांग की। शनिवार को यहां जारी बयान में किसान कांग्रेस के वाइस चेयरमैन हुड्डा ने कहा कि एक तरफ मण्डियों में किसानों के धान की जमकर लूट हो रही है, उनकी फसल को औने-पौने दामों पर खरीदा गया, वहीं उसके बाद पराली जलाने के नाम पर किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर धरतीपुत्रों के साथ अपराधियों जैसा बर्ताव किया जा रहा है जोकि बेहद शर्मनाक है। उन्होंने चेताया कि अगर किसानों के साथ सरकार ने ज्यादती करने का काम किया तो कांग्रेस सड़कों पर उतरने पर मजबूर होगी। साथ ही उन्होंने भाजपा के हारे हुए नेताओं को भी नसीयत दी कि वह कांग्रेस की चिंता छोड़कर जनहित में काम करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस प्रमुखता से विपक्ष की भूमिका निभाएंगी और जनता की समस्याओं की आवाज सड़क से लेकर सदन तक उठाई जाएगी।

## मेरा नाम भी अनिल विज है, जैसे महावीर का नाम लेने से भूत-पिशाच भाग जाते हैं वैसे ही अनिल विज का नाम सुनकर भी बुरी आत्माएं चली जाती हैं : विज

### मंत्री अनिल विज ने 1.65 करोड़ रुपए की लागत से अलग-अलग क्षेत्रों में पांच धर्मशालाओं व कम्यूनिटी सैंटरों का किया शिलान्यास

अंबाला छावनी, नवंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने विपक्ष व अन्य को कटाक्ष कर घेरते हुए कहा कि दुष्ट आत्माएं कहीं भी घुस जाती हैं और किसी के भी शरीर में घुसकर उनसे यह गलत काम करवाती हैं लेकिन मेरा नाम भी अनिल विज है, जैसे महावीर का नाम लेने से भूत-पिशाच भाग जाते हैं वैसे ही अनिल विज का नाम सुनकर भी बुरी आत्माएं चली जाती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दुष्ट आत्माओं ने हमें चुनाव में नुकसान पहुंचाने के लिए विकास कार्य रोक दिए थे। उन्होंने कहा कि अगर यह कार्य रोके नहीं होते तो अब तक यह धर्मशालाएं बनकर तैयार भी हो गई होती और आज हम इनका उद्घाटन करते। विज आज अंबाला में गांव कलरहेड़ी धर्मशाला के शिलान्यास अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।


नगगल में कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करते मंत्री अनिल विज

### नगगल में 65 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी सैंटर का किया शिलान्यास

उन्होंने कलरहेड़ी में 25 लाख रुपए की लागत से कश्यप धर्मशाला, नगगल में 65 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी सैंटर, करधान में 25 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी सेंटर, खोजकीपुर में 25 लाख रुपए की लागत से हरिजन धर्मशाला, और रामपुर सरसेहड़ी में 25 लाख रुपए की लागत से धर्मशाला का शिलान्यास अपने कर-कमलों से किया और सभी को इसकी बधाई दी। विज ने कहा कि किसी के करने से कुछ नहीं होता, लोगों को इस बात को मानना चाहिए अगर कर सकते हो तो कुछ भले का काम करो, जनता के हित का काम करो। उन्होंने कहा कि यह धर्मशाला चुनाव से पहले ही मंजूर हो गई थी और इसके अलावा नौ धर्मशालाएं और भी चुनाव से पहले मंजूर हो गई थी, टेंडर भी हो गए थे।

### 20 सडकें हमने शुरू करवा दी हैं

**विज** ने कहा कि पांच धर्मशालाओं का शिलान्यास आज उनके द्वारा किया गया ह है और ऐसे ही पांच का शिलान्यास कल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 20 सडकों का निर्माण कार्य हमने शुरू करवा दिया है और अंबाला छावनी की सड़कों, गलियों और नालियों की मरम्मत करने के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो चुकी है और जल्द यह कार्य भी प्रारंभ किए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा नेता किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान, रामबाबू यादव, नरेन्द्र राणा, फकीरचंद सैनी, भारत कोछर, कर्मवीर सिंह काका सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# डीएपी खाद के लिए किसान का आत्महत्या करना सरकार के लिए शर्म की बात : कुमारी सैलजा

### गांव भीखेवाला में आत्महत्या करने वाले किसान के घर पर शोक व्यक्त करने पहुंचीं सैलजा

चंडीगढ़/हिसार, नवंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर कोई किसान खाद, बीज, कीटनाशक के लिए आत्महत्या करता है तो सरकार के लिए इससे बड़ी कोई शर्म की बात नहीं हो सकती। किसान खाद के लिए चीख रहा है और शासन-प्रशासन एक ही बात कहता है कि खाद की कोई कमी नहीं है अगर कमी नहीं है तो किसान को खाद मिल क्यों नहीं रही है, क्योंकि परेशान होकर किसान आत्महत्या कर रहा है। किसानों के प्रति सरकार को अपनी सोच और नीति को बदलना होगा, किसान देश का अन्नदाता है, उसके मान-सम्मान और उसके जरूरतों का ध्यान रखना होगा। सांसद कुमारी सैलजा उकलाना मंडी क्षेत्र के गांव भीखेवाला में आत्महत्या करने वाले किसान **राम भगत के घर** पर शोक व्यक्त करने पहुंची। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि खाद के लिए किसान आत्महत्या जैसा कदम उठा रहे हैं, इस पर सरकार को गंभीरता से विचार करना होगा क्योंकि किसान की जिंदगी से बढ़कर कुछ भी नहीं है। सरकार को ऐसा करना चाहिए कि किसान राम भगत की तरह कोई आत्मघाती कदम न उठाए। उन्होंने कहा कि खाद्य विक्रेताओं के गोदामों व स्टॉक की जांच होनी चाहिए, साथ ही अगर कोई खाद विक्रेता डीएपी या यूरिया का स्टॉक रखता है और किसानों को खाद देने से मना करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि एक ओर किसान डीएपी खाद के लिए आत्महत्या कर रहा है तो दूसरी ओर सीएम नायब सैनी दावा कर रहे हैं कि प्रदेश में डीएपी खाद की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को सेटेलाइट से पता चल जाता है कि कौन कहां पर पराली जला रहा है तो सरकार को खाद के लिए लगी लंबी लंबी कतारें दिखाई नहीं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर खाद है तो किसानों को मिल क्यों नहीं रही है, कौन डीएपी का बैग ब्लैक में बेच रहा है। यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि उकलाना में एक किसान ने खाद न मिलने के कारण आत्महत्या कर ली।


मृतक किसान रामभगत के आवास पर शोक व्यक्त करते सांसद कुमारी सैलजा व अन्य।

## विधानसभा सत्र के लिए विधानसभा में इनेलो ने जनहित से जुड़े 8 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए

**आदित्य देवीलाल की तरफ से 6 और अर्जुन सिंह चौटाला की तरफ से 2 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए**

**विधानसभा के नियमों का पालन करते हुए जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे : आदित्य देवीलाल**

**विधानसभा में इनेलो विधायक दल के नेता चाचा आदित्य देवीलाल के नेतृत्व में जनता से जुड़े सभी मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगेः अर्जुन सिंह चौटाला**

चंडीगढ़, नवंबर : 13 नवंबर से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में इनेलो विधायक दल के नेता एवं डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल और रानियां के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला लोकहित से जुड़े सभी मुद्दों को प्रमुख्ता से उठाऐंगे। इसके लिए इंडियन नेशनल लोकदल ने विधानसभा सत्र के लिए प्रक्रिया व कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 73 के तहत प्रदेश में डीएपी और यूरिया खाद न मिलने की वजह से किसानों को हो रही परेशानी, पराली जलाने की घटनाओं के कारण किसानों पर हो रहे जुमार्ने एवं दर्ज किए गए मुकद्दमें, गांवों एवं शहरों में गरीब लोगों के लिए काटी गई कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, धान की समर्थन मूल्य पर खरीद न होने, परिवार पहचान पत्र से आम जनता को हो रही परेशानी और प्रदेश में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने बारे 6 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधायक आदित्य देवीलाल की तरफ से और प्रदेश में बढ़ते नशे और प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी और सरकारी भर्तियों बारे 2 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधायक अर्जुन चौटाला की तरफ से जनहित से जुड़े अति महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं।आदित्य देवीलाल ने कहा कि यह उनका पहला विधानसभा सत्र है और विधानसभा के नियमों का पालन करते हुए जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाएंगे। उनकी तरफ से 6 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधानसभा में दिए गए हैं जो जनता की समस्याओं से संबंधित हैं। वे भविष्य में भी सदन और सडकों पर जनता की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि उनका भी यह पहला विधानसभा सत्र है और वे भी विधानसभा में इनेलो विधायक दल के नेता अपने चाचा आदित्य देवीलाल के नेतृत्व में जनता से जुड़े सभी मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाएंगे।

## किसानों को खाद मिलता नहीं और एमएसपी भाजपा सरकार देती नहीं : भूपेन्द्र सिंह हुड्डा


डीपार्क स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा।

**जिलों में मांग का 50 प्रतिशत भी खाद नहीं पहुंची, थानों में लगी किसानों की लाइनें, विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया जाएगा खाद और एमएसपी न मिलने के मुद्दे**

रोहतक, नवंबर : पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि एक महीने में ही भाजपा के झूठे दावों की पोल जनता के सामने खुल चुकी है। पूत के पांव पालने में दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने अभी तक केवल दो ही काम किए हैं, किसानों को खाद मिलता नहीं और एमएसपी सरकार देती नहीं। हालात यह हो चुके हैं कि मांग का 50 प्रतिशत खाद भी जिलों में नहीं पहुंचा है। डीएपी को लेकर इतनी मारामारी है कि थानों में इसे बंटवाना पड रहा है। वहीं, धान की फसल एमएसपी से 300-400 रुपए कम में बिक रही है। कांग्रेस द्वारा आगामी विधानसभा सत्र में इन दोनों ही मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। शनिवार को पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा डीपार्क स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा दस वर्ष में भी खाद का उचित प्रबंधन नहीं कर पाई है। कृषिमंत्री बार-बार कह रहे हैं कि खाद की कोई किल्लत नहीं है, यदि किल्लत नहीं है तो फिर क्यों किसानों को पूरी-पूरी रात लाइन में लगना पड़ रहा है और क्यों थानों के अंदर खाद बंटवाई जा रही है और क्यों महिलाओं को घर-खेत छोड़ कर खाद लेने के लिए आना पड़ रहा है। पराली जलाने पर किसानों पर जुर्माना दुगना करने के सवाल पर पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि वायु प्रदूषण के लिए पूरी तरह से पराली जलाने को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। किसानों का तो एक छोटा सा रोल है। छोटे किसानों के सामने पराली प्रबंधन बडी चुनौती है। सरकार का फर्ज बनता है कि फसल की तरह एमएसपी तय करके पराली खरीद की जाए और उससे खाद, बिजली या अन्य उत्पाद बनाए जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के हारे हुए नेता कांग्रेस पर टिप्पणी कर रहे हैं। भाजपा के इन नेताओं को कांग्रेस की चिंता छोड़ कर अपनी हार के कारणों की समीक्षा करनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष चुनने में देरी के सवाल पर पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के सभी विधायकों ने नाम तय करके हाईकमान को दिए हुए हैं। मुझे लगता है कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद पार्टी हाईकमान इस पर फैसला ले सकती है। यह हाईकमान के ऊपर निर्भर करता है। विधानसभा में कांग्रेस के 37 मजबूत विधायक हैं, जो बखूबी प्रदेश की समस्याओं को लेकर आवाज उठाएंगे। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बतरा, शंकुतला खटक भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने आवास पर कार्यकर्त्ताओं से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम भी जाना।

# गौवंश संरक्षण और संवर्द्धन के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री रणबीर गंगवा

### लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री गंगवा ने गौशाला कमेटी को स्वैच्छिक कोटे से 11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की

चंडीगढ़/हिसार, नवंबर : बरवाला में अग्रोहा रोड स्थित श्री गौ रक्षा सेवा समिति गौशाला में शनिवार को 15वें वार्षिक गोपाष्टमी पूजन महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। गोपाष्टमी पूजन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की।

कैबिनेट मंत्री ने गौशाला कमेटी को स्वैच्छिक कोटे से 11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की और मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत गौशाला में तूड़ी गोदाम के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि गौ माता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ही सौभाग्यशाली हूं कि इस पवित्र पर्व पर मुझे गौ माता की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। मुझे यह कहते हुए भी गर्व की अनुभूति हो रही है कि प्रदेश सरकार हर वर्ष गौशालाओं की देखभाल के लिए अनुदान राशि में वृद्धि कर रही है। गंगवा ने बताया कि हमारी संस्कृति में गौ माता को महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। गंगवा ने गौ रक्षा का संकल्प देते हुए कहा कि गौ बहुउपयोगी है इसलिए हम गौ माता का पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करने का प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, उसी तरह गाय माता की भी निःस्वार्थ भाव से सेवा करने का सभी का दायित्व है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मानव सेवा से भी बड़ी सेवा गौ माता की सेवा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर में गाय का पालन करना चाहिए। गंगवा ने इस अवसर पर नागरिकों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निवारण की दिशा में समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने अग्रोहा-बरवाला रोड पर 33 फुट के कच्चे रास्ते सहित गौशाला कमेटी द्वारा दिए गए मांग पत्र की सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। कैबिनेट मंत्री ने विनोद नगर वार्ड संख्या 7 में स्थित हनुमान मंदिर धर्मशाला चैरिटेबल ट्रस्ट को 11 लाख रुपए का अनुदान देने की घोषणा की। भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि संसार मे सबसे बड़ा पुण्य गौ माता की निःस्वार्थ सेवा करना है व सबसे बड़ा धर्म गौमाता की रक्षा करना है। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, बरवाला एसडीएम डा. वेद प्रकाश बैनीवाल, खेदड़ थर्मल पावर प्लांट के चीफ इंजीनियर अमोद जिंदल, बरवाला नगर पालिका अध्यक्ष रमेश बैटरीवाला सहित अनेक गणमान्य एवं गौ भक्त उपस्थित रहे।


गोपाष्टमी पर्व में उपस्थितजन को संबोधित करते एवं मंचासीन लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया व अन्य।

# हरियाणा बनेगा शिक्षा का हब : शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

### स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता

चंडीगढ़/पानीपत, नवंबर : हरियाणा के शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महीपाल ढांडा ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के 10 गांव में धन्यवादी दौरे के दौरान कहा कि वे हरियाणा को शिक्षा का हब बनाने के लिए प्रयासरत हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस तरह का वातावरण तैयार किया जाएगा ताकि अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलो की बजाय सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाना अपना गौरव समझे। उन्होंने काबड़ी स्कूल की काया कल्प करने व स्कूल की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा की सरकारी स्कूल में बच्चों को ऐसी शिक्षा दी जाएगी, जिससे बच्चे भविष्य की उड़ान भरेंगे और मां-बाप के सपने भी साकार होंगे। उन्होंने सरकारी स्कूल के बच्चों को ध्यानपूर्वक पढ़ाई करने के लिए कहा। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिना पर्ची में खर्ची के युवाओं को उनके अधिकार देगी। उन्होंने अध्यापकों को निर्देश दिए कि वो बच्चों को इस कदर तैयार करें कि वो अपने पैरों पर खड़े होने में समर्थ हो जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा शिक्षा का वह हब बनेगा जिसका अनुसरण दूसरे प्रदेश भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ताकतवर बन रहा है कल तक जो दो देश भारत से दूरी बनाए रखते थे आज वह भारत का विभिन्न मामलों में अनुसंधान भी करते हैं। मंत्री ढांडा ने कहा की सरकारी स्कूलों की कायाकल्प होगी। शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए मूल भूत सुविधा प्रदान की जाएगी। जिन सरकारी स्कूलों में अध्यापक अच्छा कार्य करेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। हर स्कूल में शौचालय,पानी,मुख्य द्वार व चार दिवारी और अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था की जा रही है। सरकारी स्कूलों में हाईटेक सुविधा उपलब्ध होगी। गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत द्वारा उन्हें पगड़ी देकर सम्मानित किया। वहीं धन्यवादी दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने निजी कोष से 2 लाख की घोषणा भी की व महमूदपुर स्कूल को अपग्रेड करने का आश्वासन दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि नए सत्र के प्रारंभ के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन दिखाई देने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कचरोली गांव में साफ पानी की व्यवस्था करने के पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को निर्देश दिए। सभी गांवों में ग्रामीणों ने उन्हें पगड़ी व बुके देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर मार्केटिंग बोर्ड के अधीक्षक अभियंता विनय रावल,बिजली विभाग के एसडीओ नरेंद्र जागलान, कृषि विभाग के सुधीर, सेवा सिंह,भाजपा नेता अजमेर सिंह,सरपंच सोनू, प्राध्यापक मुकेश अहर, जिले सिंह, भाजपा नेता रामभतेरी रावल, ऋषिपाल रावल, रंजीता कौशिक, अजित, हरपाल आदि मौजूद रहे।


दौरे के दौरान मंत्री महीपाल ढांडा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते ग्रामीण। (मोहन लाल)

## गौचरांद की जमीन ठेके से छुड़वाने का प्रयास करेगी प्रदेश सरकार : श्याम सिंह राणा

**डीएपी खाद में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने देंगे**



चंडीगढ़/कुरुक्षेत्र, नवंबर : कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश के कार्य पर तेज गति के साथ कार्य कर रही है और प्रयास कर रही है कि जो गौचरांद की जमीन पंचायतें ठेके के आधार पर प्रयोग कर रही है उन जमीनों को ठेके से छुड़वाने का प्रयास किया जाएगा क्योंकि हमारे पूर्वजों ने गांव में गायों के चरने के लिए गौचरांद छोड़े हुए थे। जहां पर गाय चरने जाती थी, लेकिन 1965 में एक अदालती फैसले के अनुसार गौचरांद की जमीनें पंचायतों के पास चली गई थी, जिन्हें छुड़वाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। मंत्री शनिवार को स्थानीय श्री कृष्ण कृपा गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी के पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने गोपाष्टमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन उनके लिए बड़े सौभाग्य का दिन है। प्राचीन काल से भारत में गौ माता का पूर्ण महत्व रहा है, हमारा शरीर जो पांच तत्व का शरीर है यह गाय के दूध में है तथा दहीं, घी और लस्सी के रूप में यह तत्व होते है। गऊ माता देवता के रूप में मानी जाती है। प्रदेश सरकार गौशालाओं को प्रोत्साहन दे रही है तथा प्रदेश में गौ सेवा आयोग का गठन भी किया हुआ है। पहले की सरकार गोवंश के कार्यो पर कोई ध्यान नहीं देती थी, लेकिन जब से भाजपा की प्रदेश में सरकार आई है तब से लगातार इस पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, यहां किसान अपनी खेती खुले आसमान में करता है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि डीएपी खाद में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हर रोज एक ट्रेन खाद की आ रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### आप की होर्डिंग्स चोरी, दिया प्रार्थना पत्र

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को पार्टी द्वारा निर्देशित प्रादेशिक सदस्यता अभियान की होर्डिंग जो 4 नवंबर 2024 को कर्वी ट्रैफिक चौराहे मे लगवाया गया था वह बीते दिन चोरी हो गई थी उसकी लिखित शिकायत जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला, जितेन्द्र गोयल, डॉ रमाकांत गुप्ता व प्रमोद कुमार सोनी ने कोतवाली जा कर दी है।

### समीक्षा बैठक लेगे मंत्री

**चित्रकूट।** जिला विकास अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी ने विगत माह 17 सितम्बर एवं 24 व 25 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कानून व्यवस्था समीक्षा बैठक कार्यवृत्त समीक्षा बैठक 11 नवम्बर को पूर्वान्ह 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मे होगी।

### ऑनलाइन आवेदन करें लोग

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु सामूहिक विवाह के लिए वेबसाइट, पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### आयुष्मान कार्ड बनवाये वृद्ध

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नागरिकों को योजना के अंतर्गत शामिल कर लिया गया है जिसमें यह नागरिक अपना आधार कार्ड किसी भी राजकीय चिकित्सालय या पंचायत भवन पर ले जाकर नि:शुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

### मुफ्त मे मिलेगा पांच लाख का लोन

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (मुख्यमंत्री युवा) योजना के अंतर्गत 4 वर्षो के लिये पांच लाख रुपए तक ब्याज मुक्त लोन मिलेगा। उपायुक्त उद्योग एस के केसरवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रारंभ है उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम 5 लाख रुपए तक की परियोजनाओं पर ऋण पर अनुदान निर्धारित किया जाएगा।

### एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान टर्न आउट चेक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार केप्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया।

### शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**चित्रकूट।** थाना रैपुरा उनि रामप्रीत सिंह ने अभियुक्त राजू सिंह पुत्र राम सिंह निवासी बगरेही को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# खुबसूरत और सामाजिक एकता एवं सद्भावना की भाषा है उर्दू

## वर्ल्ड उर्दू डे पर दिया आपसी प्रेम एवं सामाजिक सद्भावना का संदेश।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**चंपारण।** विश्व उर्दू दिवस के अवसर पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन के सभागार सत्याग्रह भवन में सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर सर्वप्रथम उर्दू भाषा के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले विभूतियों विशेष रुप से मिर्जा गालिब ,सर अल्लामा इकबाल, मुंशी प्रेमचंद ,महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद समेत उन सभी विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिन्होंने उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार एवं विकास में अहम भूमिका निभाई। अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय पीस एंबेस्डर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल चांसलर प्रज्ञान अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय झारखंड, डॉ शाहनवाज अली,डॉअमित कुमार लोहिया, सामाजिक कार्यकर्ता नवीदूं चतुर्वेदी, पश्चिम चंपारण कला मंच की संयोजक शाहीन परवीन ने संयुक्त रूप से कहा कि उर्दू इंडो-आर्यन भाषा है. यह




भाषा दक्षिण एशिया में व्यापक रूप से बोली जाती है. भारत के बिहार राज्य की द्वितीय आधिकारिक राज भाषा उर्दू है । भारत में उर्दू भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान प्राप्त है। नेपाल समेत दक्षिण एशिया में, उर्दू एक पंजीकृत क्षेत्रीय बोली जाने वाली भाषा है। उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार एवं विकास के लिए दुनिया भर में विश्व उर्दू दिवस हर साल 9 नवंबर को मनाया जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विश्व उर्दू दिवस सर मुहम्मद इकबाल की जयंती के अवसर पर हर साल 9 नवंबर को मनाया जाता है, उर्दू भाषा के महान शायर एवं लेखक सर मोहम्मद इकबाल का जन्म 9 नवंबर 1877 को हुआ था. वह एक दक्षिण एशियाई लेखक, दार्शनिक एवं राजनीतिज्ञ थे. उर्दू भाषा में उनकी कविता 20वीं सदी की महानतम कविताओं में से एक थी।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लगभग 12वीं शताब्दी में दिल्ली के आसपास उत्तर भारत में उर्दू का विकास शुरू हुआ। यह दिल्ली के आसपास के क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा पर आधारित थी। यह अरबी एवं फारसी के साथ-साथ तुर्की से भी काफी प्रभावित थी। उर्दू अपनी उत्पत्ति हिंदी के साथ साझा करती है, जिसे कभी-कभी समान व्याकरण आधार के कारण उर्दू की 'बहन' भाषा के रूप में संदर्भित किया जाता है। हालाँकि, हिंदी को 'देवनागरी' में लिखा जाता है, जो संस्कृत की ही लिपि है, और इसकी शब्दावली में फारसी एवं अरबी प्रभाव की तुलना में संस्कृत प्रभाव अधिक है। जानकारो का मानना है कि 14वीं एवं 15वीं शताब्दी के दौरान उर्दू में बहुत सारी कविताएँ और साहित्य लिखे जाने लगे। उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार एवं विकास में मुख्य रूप से भारतीय उपमहाद्वीप में मुसलमानों के साथ साथ हिंदू और सिख लेखकों ने अतुल्य योगदान दिया है।उर्दू दुनिया भर के कई देशों में बोली जाती है, जिनमें ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, मध्य पूर्व और भारत शामिल हैं।

# विदेशी मैत्री सदस्यों को बुंदेली कलाकारों नें दिखाई अनोखी कला



**महोबा।** मुकुंद फाउंडेशन द्वार प्रोफेसर जोंग सून सिओ के नेतृत्व में आए वॉक्कांग डिजिटल यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया से 14 सदस्यीय मैत्री दल के महोबा आगमन पर स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बुंदेली लोक विधाओं से विदेशी मैत्री सदस्यों से रूबरू कराया गया साथ ही बुंदेली कलाकारों द्वारा बुंदेली दीवारी लोक नृत्य प्रस्तुति देकर उनका मनोरंजन किया गया। दिवारी नृत्य देख दक्षिण कोरिया से आए लोगों ने भी दिवासी नृत्य का खूब आनंद लेकर कलाकारों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में मुकुंद फाउंडेशन द्वारा सामाजिक सरोकार विषय पर जानकारी प्रदान की गई।

प्रोफेसर जोंग सून सिओ के नेतृत्व में आए वॉक्कांग डिजिटल यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया से 14 सदस्यीय मैत्री दल का बुंदेलखंडी संस्कृति से रुबरू होने के लिए भ्रमण कर रहे हैं और पिछले कुछ दिनों से महोबा जिले के गांव गांव में घूमकर बुंदेली संस्कृति और सामाजिक सरोकार की जानकारी कर रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार में शहर महोबा में आए मैत्री दल के 14 सदस्यों के आगमन पर मुकुंद फाउंडेशन द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। दक्षिण कोरिया से आए विदेशी लोगों को बुंदेली संस्कृति से जोड़ने के लिए बुंदेली दिवासी नृत्य का कलाकारों ने प्रदर्शन किया, जिसे देख दल के लोग अर्चश्य सकित हो गए और कलाकारों के साथ थिरकने लगे।

इस मौके पर मुकुंद फाउंडेशन के मनोज तिवारी ने दल के लोगों को बुंदेली संस्कृति से रुबरू कराते हुए बताया कि बुंदेलखंड के विभिन्न खंड एक लम्बे समय तक भिन्न भिन्न शासकों के बंधन मे रहे इसलिए विभिन्न भागों के बुंदेलखंडियों में एकता के बीच किंचित विधिता का आभास मिलता है, फिर भी बुंदेलखंड के विभिन्न भाग मिला कर अपनी प्राकृतिक रचना, जलवायु और भाषा तथा साहित्य रीति नीति और लोक व्यवहार मे ऐसा खंड है, जिसका एक विशेष अपनापन है। इस मौके पर सुनजाहन, मीयंग, मिरान एन, ही कियोंग, ह्कियोंग, ह्यूनओक, जिमीमून, जियोंग वांन एन, यूरिम ह्वा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### किशोर स्वास्थ्य जागरूक शिविर का आयोजन

**महोबा।** तहसील चरखारी क्षेत्र के ग्राम इमलियाडांग में लोकपथ चैरिटेबल ट्रस्ट, बाल विकास के सहयोग से किशोर स्वास्थ्य जागरूक शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरियों, महिलाओं को मासिक धर्म, स्वच्छता पोषण सहित तमाम महत्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम 10 से 19 वर्ष की किशोरियों और बालिकाओं के लिए खासतौर पर आयोजित किया गया, जिससे उन्हें व्यक्तिगत जानकारी मुहैया कराई जा सके। ट्रस्ट के सचिव राजेंद्र निगम ने बताया कि किशोरावस्था के दौरान शरीर में होने वाले बदलावों के कारण, पोषण और आहार संबंधी जरूरतें बदलती रहती हैं. इसलिए, स्वस्थ भोजन करना अति आवश्य है।

# आम आदमी के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए एसपी के नेतृत्व में क्रिकेट व फुटबॉल मैच का आयोजन हहुआ।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** बगहा पुलिस जिला के गोवर्धना थाना अंतर्गत पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए पुलिस और जनप्रतिनिधि के बीच क्रिकेट मैच और गोवर्धना थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के नेतृत्व में गोवर्धना थाना द्वारा फुटबाल मैच का आयोजन किया गया,जिससे पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित हो।वही गोवर्धना थाना क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम एसपी सुशांत कुमार सरोज,एसडीपीओ बगहा व रामनगर कुमार देवेंद्र, नंदजी प्रसाद, गोवर्धना थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस दौरान बगहा एसपी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जबतक पुलिस-पब्लिक में प्रगाढ़ संबंध नहीं होगा। तब तक अपराध या अन्य पर समुचित रूप से सफलता नहीं मिल सकती है। इसलिए इस तरह कार्यक्रम पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए खेल का आयोजन होना चाहिए ताकि मैत्रीपूर्ण संबंध बन सके।एसपी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनका सबसे पहला काम होगा कि यहां के लोगों को हमेशा न्याय मिले तथा आमलोगों से उनका रिश्ता हमेशा ही बेहतर बना रहे। मौके पर एसडीपीओ बगहा व रामनगर कुमार देवेंद्र, नंदजी प्रसाद,अंचल पुलिस निरीक्षक, गोवर्धना थानाध्यक्ष सहित तमाम पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।। बगहा। बगहा पुलिस जिला के



गोवर्धना थाना अंतर्गत पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए पुलिस और जनप्रतिनिधि के बीच क्रिकेट मैच और गोवर्धना थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के नेतृत्व में गोवर्धना थाना द्वारा फुटबाल मैच का आयोजन किया गया,जिससे पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित हो।वही गोवर्धना थाना क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम एसपी सुशांत कुमार सरोज, एसडीपीओ बगहा व रामनगर कुमार देवेंद्र, नंदजी प्रसाद, गोवर्धना थानाध्यक्ष सहित सभी पुलिस पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इस दौरान बगहा एसपी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जबतक पुलिस-पब्लिक में प्रगाढ़ संबंध नहीं होगा। तब तक अपराध या अन्य पर समुचित रूप से सफलता नहीं मिल सकती है। इसलिए इस तरह कार्यक्रम पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए खेल का आयोजन होना चाहिए ताकि मैत्रीपूर्ण संबंध बन सके।एसपी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनका सबसे पहला काम होगा कि यहां के लोगों को हमेशा न्याय मिले तथा आमलोगों से उनका रिश्ता हमेशा ही बेहतर बना रहे। मौके पर एसडीपीओ बगहा व रामनगर कुमार देवेंद्र, नंदजी प्रसाद, अंचल पुलिस निरीक्षक, गोवर्धना थानाध्यक्ष सहित तमाम पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने ली वृक्षारोपण समिति की बैठक

■ चित्रकूट

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर प्लास्टिक के खिलाफकार्यवाही कराएं और जुर्माना भी कराया जाए तथा प्रचार प्रसार भी कराए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि रामघाट से लेकर कर्वी तक जो मंदाकिनी नदी में नाला गिर रहे हैं उसके टैपिंग के लिए जल निगम से संपर्क करके व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए जिस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि अमृत नगरीय योजना के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर



शासन को भेजा गया है। जो पौधारोपण कराया गया है उसकी शत प्रतिशत जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें क्योंकि इसकी शासन व मंडलीय समीक्षा होती है। उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेंद्र कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि अगली वित्तीय वर्ष के पौधारोपण का लक्ष्य भी प्राप्त हो गया है उसकी भी कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराए।

# आक्रोशित ग्रामीणो ने किया पुलिस टीम पर हमला, हवाई फायरिंग

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण के डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में आक्रोशित ग्रामीणो ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीणो से घिरते देख एक पुलिस के अधिकारी ने लाठी चार्ज के साथ ही हवाई फायरिंग कर अपनी जान बचाई। घटना थाना क्षेत्र के रामपुरवा गावं की है। जानकारी के अनुसार एक मैजिक गाड़ी से टक्कर के बाद उपरोक्त गांव के तीन लोग घायल हो गए। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मैजिक चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर उसे बंधक बना लिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद मैजिक चालक को बचाने के लिए 112 नंबर की पुलिस उक्त गांव पहुंची। पुलिस की टीम ने बंधक बनाये गये चालक को



कब्जे में लेकर गाड़ी पर बैठा लिया। इस बीच कुछ शरारती तत्वो द्वारा हंगामा खड़ा कर दिया गया। हंगामा पर उतारू लोग पुलिस जवान पर हमला कर बंधक बनाये गये चालक को छुड़ाने के प्रयास हिंसा पर उतारू हो गये। स्थिति को भांप चालक गाड़ी लेकर थाना के लिये निकल गया। इस बीच सब इंस्पेक्टर धमेन्द्र कुमार को अकेला देख उग्र ग्रामीणों ने उनपर हमला कर दिया। लेकिन दारोगा ने हिम्मत नहीं हारी और ग्रामीण को ललकराते हुए हवाई फायरिंग की। तत्पश्चात वे जोर-जोर से चिल्लाकर कहने लगे कि अगर आगे कोई आयेगा तो गोली मार दूंगा। उनके इस ललकार के बाद लोग शांत होकर तितर-बितर हुए। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल डीएसपी चकिया के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बलो को उक्त गांव पर भेजा। फलस्वरूप स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो गई। वहीं एसपी के आदेश के आलोक में पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

# शिवहरे समाज ने निकाली शोभा यात्रा




कार्यक्रम मे मौजूद जायसवाल समाज के लोग

■ चित्रकूट

जायसवाल शिवहरे समाज ने कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव अवसर पर नगर के मुख्य मार्गो से शोभा यात्रा निकाली गयी।

इस दौरान समाज के 71 बंधुओ को स्वजातीय रत्न से सम्मानित किया प्रबुद्ध सम्मेलन का सुभारंभ गंगा प्रसाद संयोग सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कल्चुरी जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम राय ने कहा कि ऐसा नहीं कि हम संख्या बल, धन बल और शक्ति बल में पिछड़े हुए हैं पर बेशक यह सही है कि हमारे संकल्प और शक्ति को समय समय पर पवनपुत्र की तरह जामवंत स्मरण की आवश्यकता पड जाती है। विशिष्ट अतिथि गौरेंद्र शिवहरे ने कहा कि हमारा समाज हजारों साल साधना का फल है हमने अपने जातीय उद्भव और विकास के क्रम को पर करते हुए वर्तमान कलेवर को प्राप्त किया है। जिलाध्यक्ष एमपी जायसवाल ने कहा कि हमारी आकांक्षा रही है कि हम अपनी ऊर्जा को वर्गो, उपवर्गो में बांटकर क्षीण न करें।

इस मौके पर अर्पित जायसवाल, उमेश जायसवाल, भगवानदीन जायसवाल सहित अन्य रहे।

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# कैंप लगाकर व्यापारियों को दी गयी जानकारी

■ चित्रकूट

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर माया गेस्ट हाउस भरतकूप में खाद्य जनजागरूता पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया गया। जहा पर लगभग 40 खाद्य कारोबारकर्ता उपस्थित रहे। कैम्प में लाइसेन्स/पंजीकरण की अनिवार्यता एव खाद्य नमूना की महत्ता बताते हुए नमूना प्रकिया सहित प्रतिष्ठान के अन्दर व बाहर स्वच्छता बनाये रखने एक्सपायर्ड एव डैमेज्ड खाद्य पदार्थ को अलग



स्थान पर चिन्हांकित करने तथा खरीद विक्रय का रिकार्ड खाद्य प्रतिष्ठान पर अद्यतन रखने की जानकारी दी गई। कैम्प मे पंकज कुमार, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार सोनकर उपस्थित रहे।

### भुगतान मे देरी से गौशालाओं मे छाया संकट



**चित्रकूट।** जनपद में चल रहे 2024-25 सत्र में गौशालाओं के भुगतान में देरी के कारण ग्राम पंचायतों में संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि उन्हें मजबूरी में अपनी जेब से खर्चा करना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। गौरतलब है कि सदर विधायक अनिलय प्रधान ने पिछले वित्तीय वर्षों में भी गौशालाओं के भुगतान में देरी हुई थी, जिस कारण से ग्राम प्रधानों और पंचायतों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। यह मामला विधानसभा में भी उठाया गया था, जिसके बाद कुछ समय के लिए भुगतान की प्रक्रिया सुचारू हुई थी। लेकिन इस साल फिर से भुगतान में देरी से प्रधानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गौशालाओं में चारे और देखभाल के लिए पैसे की कमी देरी के कारण गौशालाओं में चारे की व्यवस्था, दवाओं और अन्य आवश्यक संसाधनों में भी कमी देखने को मिल रही है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि पशुओं की देखभाल के लिए आवश्यक खर्च के लिए पैसे समय पर न मिलने से उन्हें व्यक्तिगत खर्च पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उनका आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेता रंजना ने सौंपा ज्ञापन

**चित्रकूट।** किसानो की समस्या को लेकर आज कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडे जिलाधिकारी कार्यालय मैं अपर जिला अधिकारी से भेंट कर पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

सौंपे पत्र मे बताया कि जनपद में कटिया गेहूं का बीज ब्लॉक गोदाम में उपलब्ध कराया जाए आए दिन मशीन खराब होने के कारण किसान ब्लॉक के चक्कर लगाते रहते हैं जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता है समस्या का समाधान कराया जाए जिससे किसानों को ब्लॉक के चक्कर रोज-रोज न लगाने पड़े अमान स्थित छीवो सोसाइटी की खाद राजापुर से बेची जाती है उसको अमान सोसायटी से ही दी जाए और जनपद चित्रकूट में अन्ना प्रथा पर रोक लगाई जाए जिससे किसानों की फसल बचाई जा सके और रामनगर से छीवो संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है जिसका निर्माण कार्य कराया जाए अगर समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो किसानों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

# व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने व्यापारी का पूछा हालचाल

■ चित्रकूट

वाल्मीकि आश्रम लालापुर में आश्रम के पुजारी भरत दास द्वारा बुलडोजर लगवा कर गरीबों की झोपड़पट्टियों व प्रसाद बेचने वाले गरीब पटरी व्यापारियों को उजाड़ दिया और मारपीट की तथा काट डालने की धमकी दी जिससे प्रताणित होकर केशव केसरवानी जो प्रसाद की गुमटी लगाता है उसने पुजारी की मारपीट व दहशत के चलते पेड़ में चढ़कर फंसी लगा लिया जिस पर गांव



व्यापारी का हालचाल लेते व्यापारी नेता शानू गुप्ता

वालों ने दौड़कर उसे बचा कर जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ित प्रसाद व्यापारी का हाल लिया व पूरी घटना की जानकारी ली पुलिस अधीक्षक से साधु के भेष में दानव का रोल निभाने वाले ऐसे पुजारी के खिलाफगरीबों के साथ गुंडागर्दी व जान से मारने की धमकी मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान गार्डाडो ने संन्यास लेने की घोषणा की



**मेक्सिको सिटी** : मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान एंड्रेस गार्डाडो ने 19 साल के पेशेवर करियर के बाद लीगा एमएक्स सीजन के आखिर में संन्यास लेने की घोषणा की हैं। गार्डाडो ने एक भावनात्मक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं सीधे मुद्दे पर आता हूं। मैंने सीजन के आखिर में फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी तय नहीं किया है। मैं चाहता था कि सब कुछ दिल और दिमाग से आए। मैं मेक्सिको में संन्यास लेने का अवसर देने के लिए लियोन के अध्यक्ष जीसस मार्टिनेज को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने इस खूबसूरत करियर का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा टीम के साथी, कोच, कर्मचारी, प्रशंसक का भी दिल से शुक्रिया।

### अनन्या पांडे और लक्ष्य को लेकर फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनायेंगे करण जौहर



**मुंबई**: बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर, अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाने जा रहे हैं। करण जौहर ने अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाने की घोषणा की है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'चांद मेरा दिल' का चार पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने कैप्शन में लिखा, हमारे दो चांद हैं आपके लिए एक इंटेंस और बेहतरीन कहानी लाने के लिए तैयार हैं!!! प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है..चांद मेरा दिल में नजर आएंगे अनन्या पांडे और लक्ष्य। 2025 में सिनेमाघरों में। फिल्म 'चांद मेरा दिल' का निर्देशन विवेक सोनी करेंगे।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### संतों से ही बची रही है भारत की संस्कृति : हरिभाऊ बागड़े

**जयपुर**: राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि मुगलकाल में अत्याचारियों ने देश की संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने का निरंतर प्रयास किया पर संतों की परंपरा और ज्ञान से ही भारत की संस्कृति बची रही है। बागडे ने शुक्रवार को यहां जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य से रामकथा सुनी और इस मौके यह बात कही। उन्होंने स्वामी रामभद्राचार्य को महान संत बताते हुए उनके तप और अध्ययन की गहराई की सराहना की। उन्होंने स्वामी रामभद्राचार्य से अध्यात्म की भारतीय परम्परा और संस्कृति पर भी चर्चा की। ।

### पांच विधानसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग का पहला चरण पूरा

**जयपुर**: राजस्थान में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए सात क्षेत्रों में से पांच रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से मतदान (होम वोटिंग) की प्रक्रिया का पहला चरण गुरुवार को पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने शुक्रवार को बताया कि झुंझुनू और सलूम्बर में होम वोटिंग की जाएगी। गत सोमवार से शुरू हुई इस प्रक्रिया में प्रथम चरण में अब तक कुल दो हजार 882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

# हारिस राउफ ने खोला पंजा

## दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

● एडिलेड,



**हारिस** राउफ (पांच विकेट) और शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (82) तथा अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 64) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 141 गेंदें शेष रहते ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।

164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की सईम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 21वें ओवर में एडम जम्पा ने सईम अयूब को हेजलवुड के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। अयूब ने 71 गेंदों में छह छक्के और पांच चौके लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। अब्दुल्लाह शफीक ने 69 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 64) रनों की पारी खेली। बाबर आजम (15) रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने जम्पा के ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का मारकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर एडम जम्पा को एक विकेट मिला। इससे पहले पाकिस्तान के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 163 के स्कोर पर ढेर कर दिया था। यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी और ताश के पत्तों की तरह ढह गई। स्टिव स्मिथ ने टीम के लिए सर्वाधिक (35) रन बनाये।



## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 203 रन का दिया लक्ष्य

● नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत** ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 203 रन का टारगेट दिया है। डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने 8 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम से संजू सैमसन ने 107 रन बनाए, उन्होंने लगातार दूसरे टी-20 में शतक लगाया।

भारत से तिलक वर्मा ने 33 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए जेराल्ड कूट्जी ने 3 विकेट लिए। मार्को यानसन, केशव महाराज, एन पीटर और पैट्रिक क्रूगर ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम ने 15 ओवर के बाद 3 विकेट खोकर 167 रन बना लिए थे। संजू

### सैमसन ने टी-20 में लगातार लगाया दूसरा शतक

सैमसन सेंचुरी लगा चुके थे, वह अगले ओवर में आउट हो गए। सैमसन के विकेट के बाद भारत 26 गेंदों पर 27 रन ही बना सका और 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने छठे ओवर में फिफ्टी, 11वें ओवर में सेंचुरी और 14वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए थे। टीम के 200 रन 20वें ओवर में बने। 20वें ओवर में टीम इंडिया 3 ही रन बना सकी और 2 विकेट गंवा दिए। मार्को यानसन ने अक्षर पटेल को कैच आउट कराया, अक्षर ने 7 रन बनाए। रवि बिश्नोई पारी की आखिरी बॉल पर 1 रन बनाकर रनआउट हुए।

## गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची बारबोरा क्रेजिकोवा



**रियाद, वार्ता** : चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर एकल ऑरेंज ग्रुप की विजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना लिया है। खेले गए मुकाबले में क्रेजिकोवा ने गॉफ की सर्विस को तोड़कर पहला सेट 7-5 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने ब्रेक के बाद 6-4 से जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब क्रेजिकोवा का सेमीफाइनल में मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का सामना अमेरिका की गॉफ से होगा। युगल सेमीफाइनल में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज का सामना गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ से होगा। मैच के बाद क्रेजिकोवा ने कहा कि निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैं अपने खेल और अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह वास्तव में एक बड़ा मैच था।

## हरियाणा ने पंजाब को हराया

**रोहतक, वार्ता** : निशांत सिंधु कुल (11) विकेट और हिमांशु राणा (68) रनों की पारी की बदौलत हरियाणा ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में पंजाब को 37 रनों से हरा दिया हैं।

217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम हरियाणा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं अधिक देर तक नहीं टिक सकी। दूसरे ही ओवर में जसकरण सिंह (02) को काम्बोज ने पगबाधा कर हरियाणा को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद निशांत सिंधु ने पुखराज मान (11), अनमोलप्रीत सिंह(16) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। साहिल अरोड़ा (57)ने कुछ देर संघर्ष किया। प्रभसिमरन सिंह (23), नेहाल बढेरा (33) और जसइंदर सिंह (15) रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। हरियाणा के गेंदबाजों ने पंजाब की पूरी टीम 39.4 ओवर में 179 पर सिमटकर मुकाबला 37 रनों से जीत लिया। निशांत सिंधु ने पांच विकेट लिए।

## जम्मू-कश्मीर ने मेघालय को सात विकेट से हराया

**शिलांग** : आकिब नबी (10 विकेट), आबिद मुश्ताक के हरफनमौला प्रदर्शन और विवांत शर्मा (32) रनों की पारियों के दम पर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले में मेघालय को सात विकेट से शिकस्त दी। जम्मू कश्मीर ने दूसरी पारी में विवांत शर्मा (नाबाद 32) और पारस डोगरा (15) रनों की पारी के दम पर आज 15 .4 ओवर में तीन विकेट पर 77 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मैच में 10 विकेट लेने वाले आकिब नबी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मेघालय की ओर से आकाश चौधरी ने दो विकेट लिये। दीपू संगमा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर मेघालय को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। बामनभा शांगप्लियांग और अर्पित भटेवरा की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोडे। पहले विकेट के रूप में बामनभा (21) और उनके बाद अर्पित (24) पर आउट हुये। इसके बाद आकिब नबी और आबिद मुश्ताक की घातक गेंदबाजी के आगे मेघालय की पूरी टीम सिर्फ 73 रनों पर ढेर हो गई। मेघालय के पांच बल्लेबाजों का स्कोर शून्य रहा।

## संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है भाजपा

### राहुल बोले : आदिवासियों की जमीन का फायदा ये अडानी-अंबानी को देना चाहते हैं

● रांची,




**झारखंड** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया। गांधी ने भाजपा के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोहरदगा की विशाल चुनावी जनसभा में कहा कि झारखंड प्रदेश जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने से बना। खासकर आदिवासियों ने जब कहा कि यहां के जंगल, खनिज से होने वाला लाभ हमें मिलना चाहिए तब जाकर ये राज्य बना। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहती हैं लेकिन हम इसे बचाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने पांच गारंटी भी दी। गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं लेकिन संविधान में आपके लिए आदिवासी शब्द का प्रयोग किया गया है आदिवासी ही इस देश के पहले मालिक है। वनवासी का मतलब होता है कि जंगल में रहने वाले लोग। यानी कि हिंदुस्तान को चलाने में आपका अधिकार नहीं होगा। गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासियों जल जंगल जमीन का फायदा ये अडानी और अंबानी को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी की आबादी 8 फीसदी है। ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत, दलितों का 10 प्रतिशत और अल्पसंख्यकों का 15 फीसदी लेकिन अगर आप देखें तो देश के बड़े संस्थानों ने इन सबकी भागीदारी बहुत कम है। इसका कारण है यह है कि आपको आगे बढ़ने नहीं दिया गया।

राहुल गांधी ने हिंदुस्तान की सरकार जब 100 रुपये आदिवासियों के लिए भेजती है तो आदिवासी अफसर मात्र 10 पैसे का ही फैसला ले पाता है। उसी तरह ओबीसी अधिकारी 5 रुपये और दलित 1 रुपये का ही निर्णय ले पाता है। मैं आपको यही बताने की कोशिश कर रहा हूं कि 90 फीसदी लोगों की देश में कोई भागीदारी नहीं है। मैं जब भी ये बात करता हूं, तो भाजपा कहती है कि मैं लोगों को बांट रहा हूं जबकि मैं देश को मजबूत करने की कोशिश कर रहा हूं। अगर देश के लोगों को भागीदारी दिलाना और लोगों को उनकी जगह दिलाना गलत है, तो ये काम मैं बार-बार करूंगा। इसलिए जैसे ही देश में हमारी सरकार बनेगी हम 50 फीसदी आरक्षण के दायरे को तोड़ेंगे और जातीय जनगणना को कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 16 लाख करोड़ पूंजीपतियों का माफ कर सकती है लेकिन देश के किसानों का नहीं।

## अनुच्छेद 370, 35 ए पर स्पष्ट प्रस्ताव लाने की जरुरतः लोन

● श्रीनगर,

**जम्मू**-कश्मीर में हंदवाड़ा के विधायक एवं जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने शुक्रवार को विधानसभा में अनुच्छेद 370, 35 ए पर एक स्पष्ट प्रस्ताव लाने की जरुरत बतायी।

लोन ने कहा कि विशेष दर्जा की बहाली के लिए हाल ही में पारित प्रस्ताव 'कमजोर' है और इसमें अनुच्छेद 370, 35 ए का उल्लेख नहीं है। साथ ही 05 अगस्त, 2019 के एकतरफा फैसलों की स्पष्ट निंदा का भी अभाव है। उन्होंने उपराज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि 2014 के बाद से यह उनका पहला भाषण है, जिसमें बीच के वर्षों में हुए गहन परिवर्तनों पर जोर दिया गया। अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त करना, पांच साल तक चुनावों की अनुपस्थिति और जम्मू-कश्मीर की स्थिति को राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में घटाना, ये सब उसके लोगों की सहमति के बिना



किया गया। उन्होंने कहा कि मुझे यह स्वीकार करते हुए दुख हो रहा है कि अब हम 'राज्यपाल' के बजाय 'उपराज्यपाल' को संबोधित करते हैं। पांच अगस्त को हमेशा एक काले दिन के रूप में याद किया जाएगा, जब लोगों की इच्छा को कुचल दिया गया। राजभवन में एक गैर-राज्य विषय ने लोगों की ओर से ऐसे फैसलों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें जम्मू-कश्मीर की आवाज की अनदेखी की गई। विधानसभा के कमजोर होते अधिकार पर विचार करते हुए लोन ने कहा कि पूर्ववर्ती विधायिका और आज की विधायिका की तुलना नहीं की जा सकती।



शुक्रवार को कोलकाता में हुगली नदी पर छठ पूजा उत्सव के अवसर पर उगते सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु।

# 'हेमंत सोरेन सरकार में हिंदू होना मानो अपराध'

## झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा बड़ा निशाना

● रांची,



**झारखंड** में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शक्रवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की योजना किसी से छुपी नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल के माध्यम से झारखंड में बसाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। अब इस सच्चाई से पूरा झारखंड अवगत है, लेकिन यह समस्या का केवल एक पहलू है। अनगिनत शिकायत पत्रों और अन्य स्रोतों के माध्यम से यह पता चला है कि पिछले पांच सालों में हेमंत सोरेन की सरकार, विशेष रूप से उनके तीन-चार मंत्रियों ने राज्य में हिंदू आबादी के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपना रखा है। कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे हजारों वीडियो हैं, जिनमें हिंदू समाज के वृद्धजनों और माताओं-बहनों का कहना है कि जब वे किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेमंत सोरेन के मंत्रियों के पास जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम हिंदू हो, तुम्हें सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में ऐसी समस्याएं फैली हुई हैं, चाहे वह अस्पताल में इलाज की बात हो या फिर आवास की। पहले तो प्रधानमंत्री आवास योजना को राज्य में लागू नहीं होने दिया और उनकी मंशा ये थी कि राज्य ने नई आवास नीति बना कर सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांटे जाएंगे जो कि प्रधानमंत्री आवास में संभव नहीं था और उसके कारण लाखों लोगों को उनके सपने के घर से वंचित रखा, और बाद में अपनी आवास नीति को लाकर बहुत ही कम संख्या में दिए गए और इन आवासों को चुनिंदा समुदाय के लोगों को ही दिया गया, जिसमें काफी बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। उन्हें घर बनाकर पक्का वोटर कार्ड देने की साजिश लंबे समय से चल रही है। दूसरी ओर, जब हिंदू समाज के लोग अपने काम के लिए जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम्हें किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि तुम हिंदू हो। मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में हिंदू होना मानो अपराध बन चुका है। कहा कि राज्य की जनता के प्रति इस तरह की घृणा हेमंत सोरेन के मन में कई सालों से पनप रही है। हेमंत सोरेन के मन में यह गलतफहमी है कि वे बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट के माध्यम से झारखंड पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेंगे और उन्हें किसी अन्य वोटर की आवश्यकता नहीं है। हेमंत की इस खतरनाक सोच के परिणामस्वरूप, झारखंड में कई समुदाय उपेक्षित और संसाधनों से वंचित होते जा रहे हैं। यदि यह स्थिति जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड के संसाधनों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो जाएगा और राज्य की व्यवस्थाओं में उनकी जड़ें मजबूत हो जाएंगी। उस समय हमें केवल हताशा ही हाथ लगेगी। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से झारखंड की देवतुल्य जनता से अनुरोध कि कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार से मुक्ति पाएं।

## बिहार की तरक्की के लिए एकजुट होना पड़ेगा : तेजस्वी

**गया**: राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के तरक्की के लिए सब लोगों को एकजुट होना पड़ेगा।

बेलागंज उपचुनाव को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पड़ाव मैदान में चुनावी रैली को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हम जीत गए तो इसका संदेश देश मे जाएगा। यदि देश में संदेश देना है और बिहार के तरक्की के लिए आप सब लोगों को एकजुट होना पड़ेगा हम काम करने वाले लोग मुद्दे की बात करने वाले लोग, पढ़ाई, दवाई,कमाई, सिंचाई की बात करने वाले लोग हैं। असली दुश्मन गरीबी है, और महंगाई बड़ा दुश्मन है। उपमुख्यमंत्री नहीं रहते तो पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती। 17 महीने में हमने मानदेय दुगना करने का काम किया। हम लोगों ने स्पोर्ट्स पॉलिस बनाया।

संपादकीय

# एएमयू को अल्पसंख्यक दर्जा

**सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ ने 4:3 से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रखा है। इस तरह एक पुराने मामले का पटाक्षेप हो गया।**

**सुप्रीम** कोर्ट ने शुक्रवार को 57 साल पुराने एस. अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले को 4:3 बहुमत से खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि चूंकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। फैसले में कहा गया है कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मुद्दे को नियमित पीठ द्वारा तय किया जाना है। नियमित पीठ द्वारा तय किए जाने का मतलब है अभी पूर्ण रूप से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा हासिल नहीं हुआ है। फैसले से न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने असहमति जताई है। न्यायमूर्ति दत्ता ने स्पष्ट रूप से कहा कि एएमयू अल्पसंख्यक संस्थान नहीं है और यह अनुच्छेद 30 के अंतर्गत नहीं आ सकता। संविधान का अनुच्छेद 30 अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और प्रशासन का मौलिक अधिकार देता है। उल्लेखनीय है कि 1965 में यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा समाप्त कर दिया गया था। इस के खिलाफ 1967 में यूनिवर्सिटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इस फैसले का देश भर में विरोध हुआ था। इसके बाद 1981 में एक संशोधन के माध्यम से एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया था। 2004 में केंद्र के पत्र से स्वरूप को लेकर विवाद शुरू हो गया। 2004 में इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। 2006 में हाईकोर्ट ने अल्पसंख्यक स्वरूप खारिज कर दिया। 2005 में एएमयू ने स्नातकोत्तर चिकित्सा पाठ्यक्रम में मुस्लिम अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित कर दीं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस आरक्षण को रद्द कर दिया और 1981 के अधिनियम को निरस्त कर दिया। 2006 में केंद्र सरकार की एक याचिका समेत आठ याचिकाओं ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। इसी बीच 2016 में केंद्र सरकार ने यह कहते हुए अपनी अपील वापस ले ली कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना धर्मनिरपेक्ष राज्य के सिद्धांतों के विपरीत है। इस फैसले का इस तरह समझ सकते हैं कि किसी शैक्षणिक संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा तीन बिंदुओं से प्रभावित नहीं होगा, जिनमें कानून और सरकारी विनियमन का अधिनियमन, स्थापना की तिथि और गैर-अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा प्रशासन।

पाठकवाणी

### राज्यों को कर्ज मे ना डुबोएं

**चुनाव** के वक़्त की गई मुफ्त मे दी जाने वाली योजनाएं राज्यों को किस प्रकार कर्जदार बना रही हैं, यह किसी से भी छुपा नहीं है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के चक्कर मे अनेक राज्य कर्ज को चुकाने के लिए कर्ज पर कर्ज ले रहे हैं, जिनसे उनके राज्यों के विकास पर भारी प्रभाव दिखाई दे रहा है। राजनेताओं को ध्यान रखना होगा कि वे सत्ता पाने के लिए ऐसे कोई वादे ना करें, जिनसे राज्यों को व्यर्थ ही आर्थिक बोझ पड़े और वे और उनके दल व्यर्थ के विवादों मे फंसे।

–**नरेश कानूनगो**, देवास

### प्रदूषण पर कड़ा रुख

**अनियंत्रित** प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माने की राशि को 15000 से बढ़कर 30000 किया है। राज्य सरकारों की सख्ती के बावजूद पराली जलाने की घटना में कोई कमी नहीं आई है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को ऐसी कारगर नीति बनानी होगी ताकि पराली जलाने की आवश्यकता ना पड़े। वैज्ञानिकों के द्वारा इसके प्रयोग की संभावनाओं पर जरूर काम करना चाहिए. केवल जुर्माना लगाने से पराली जलाने की समस्या का समाधान दिखाई नहीं दे रहा है। जब तक पराली जलाने की वैकल्पिक योजना नहीं बनती है तब तक इसका समाधान मुश्किल है।

–**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

कुछ खास



महाराष्ट्र के लोग इस तरह (बंटेगे तो कटेंगे) के बयान पसंद नहीं करते। महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी, शाहू जी, महात्मा फुले और बाबासाहेब अंबेडकर की भूमि है। उनकी विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की है, इसकी तुलना दूसरे राज्यों से ना करें।

–**अजित पवार**, एनसीपी (पवार गुट) अध्यक्ष

आज का ट्वीट



''सरकार से अनुरोध है कि देश भर में अल्पसंख्यक संस्थानों की राह में रोड़े अटकाना बंद करे, सबका साथ सबका विकास का नारा सिर्फ नारा ना रहे।''

–**इमरान प्रतापगढ़ी**

साइबरवर्ल्ड

## बवाल का भाजपाई मकसद

**जम्मू-कश्मीर** की नवगठित विधानसभा के पहले दिन से जारी हंगामा तथा शोर-शराबा गुरुवार को अपने चरम पर पहुंच गया जब सत्तारुढ़ नेशनल कांफ्रेंस और भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के बीच जमकर हाथापाई हुई जिसमें कई भाजपा विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन के बाहर निकाल दिया गया। सोमवार से प्रारम्भ हुए सत्र में हर रोज जम्मू-कश्मीर को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा बहाल करने तथा 5 अगस्त, 2019 को खत्म किये गये अनुच्छेद 370 को रद्द करने के लिये लाये प्रस्ताव पर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। लगातार चौथे दिन भी कोई काम-काज नहीं हो पाया। गुरुवार को विवाद उस वक़्त बढ़ गया जब सदन में इंजीनियर रशीद के भाई व विधायक खुर्शीद अहमद शेख ने अनुच्छेद 370 तथा कैदियों को रिहा करने से सम्बन्धित बैनर लहराये। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई जिसके कारण हुए हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम ने पहले तो कुछ देर के लिये बैठक स्थगित की लेकिन सदन बहाल होने पर भी शोर-शराबा नहीं थमा। इसके कारण विधायकों के बीच हाथापाई की नौबत आ गई। इसमें दो भाजपा सदस्य जख्मी हो गये। बुधवार को भी इसी मामले को लेकर सदन में दोनों पक्षों के बाच हंगामा बरपा था। वैसे इस मुद्दे को लेकर सत्ता पक्ष को बेहतर समन्वय करने तथा भाजपा के मकसद को समझने की जरूरत है। वह चाहती है कि इसके जरिये एनसी, कांग्रेस तथा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की छवि को नकारात्मक ढंग से पेश किया जाये। इस बहस में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भाजपा नेत्री स्मृति ईरानी का भी बयान लेकर उतर आना दशार्ता है कि सत्ताधारी दल द्वारा की गई मांगों (अनुच्छेद 370 की बहाली और राज्य को पूर्ण व विशेष राज्य का दर्जा देना) को देशविरोधी साबित करने और उसका फायदा झारखंड एवं महाराष्ट्र के चुनावों में उठाने की कोशिश भाजपा द्वारा की जायेगी। राज्य सरकार कोई ऐसी गलती न करे जिससे भाजपा या केंद्र को कोई बड़ा कदम उठाने का मौका मिल जाये।

–**सुरजन पलाश** की फेसबुक वॉल से

# नोटबंदी के आठ साल बाद



**शाहीन सबा**

**टैक्स चोरी और सरकारी भ्रष्टाचार नकद आधारित अर्थव्यवस्था को चलाने वाले मुख्य कारक हैं। टैक्स चोरी करने के लिए नकदी का उपयोग करने वाले बड़े व्यवसायी और व्यापारी वर्ग ने कैश को एक महत्वपूर्ण साधन बना रखा है। इसके अलावा, सरकारी परियोजनाओं और टेंडर्स में भ्रष्टाचार के चलते कैश का उपयोग और भी बढ़ जाता है।**

भारत में 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी की घोषणा के साथ यह उम्मीद की गई थी कि काले धन पर नियंत्रण पाया जाएगा, भ्रष्टाचार में कमी आएगी और नकदी आधारित अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। इसके पीछे यह तर्क दिया गया था कि कैश का उपयोग अवैध गतिविधियों के लिए किया जाता है और नकद आधारित लेन-देन टैक्स चोरी को बढ़ावा देते हैं। डिजिटल पेमेंट्स को बढ़ावा देकर, सरकार ने यह अनुमान लगाया था कि कैश के उपयोग में भारी कमी आएगी। नोटबंदी को उस समय एक ऐतिहासिक कदम के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो भ्रष्टाचार, काले धन और आतंकवाद के वित्त पोषण पर रोक लगाने के लिए उठाया गया था। नोटबंदी ने वास्तव में गरीबों और श्रमिक वर्गों पर अधिक असर डाला, जबकि इसके उलट इसकी वजह से कई प्रभावशाली और सक्षम व्यक्तियों को लाभ पहुंचा। नोटबंदी के दौरान 500 और 1000 रुपये के पुराने नोटों को रातों-रात अमान्य घोषित कर दिया गया, जिससे जनता को अपने रोजमर्रा के लेन-देन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

ऐसे समाज में जहां नकदी पर अत्यधिक निर्भरता है, यह कदम सीधे तौर पर किसानों, छोटे व्यापारियों और मेहनतकश वर्गों को प्रभावित कर गया, जो डिजिटल व्यवस्था से दूर हैं। बैंकों और एटीएम के बाहर लंबी लाइनों में कई लोगों की जानें भी चली गईं, परन्तु इसके बावजूद आर्थिक असमानता की खाई चौड़ी होती रही। इस कदम का असल लाभ समाज के संपन्न वर्गों को हुआ। काला धन अक्सर अचल संपत्ति, सोना और विदेशी बैंकों में संग्रहीत किया जाता है, जो नकद में नहीं होते। बड़े व्यवसायियों और प्रभावशाली लोगों ने नए नोटों में अपने धन को सफेद कर लिया, जबकि गरीब जनता को आर्थिक अव्यवस्था का सामना करना पड़ा। नोटबंदी ने डिजिटल और नकदी अर्थव्यवस्था के बीच की खाई को और गहरा कर दिया। इस व्यवस्था में कमजोर वर्गों को हाशिए पर धकेल दिया गया, जबकि समाज का विशेषाधिकार प्राप्त तबका और मजबूत हो गया। इस प्रकार नोटबंदी के इस कदम ने समाज के भीतर संसाधनों के वितरण में और असमानता बढ़ाई, जिससे आर्थिक और सामाजिक विषमताएं और तीव्र हुईं।




नोटबंदी के बाद का परिदृश्य, विशेष रूप से पिछले वित्तीय वर्षों के आंकड़े नोट बंदी की हकीकत बयां करते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के अनुसार, नोटबंदी के समय, कैश का जीडीपी के साथ अनुपात 11.6 प्रतिशत था, जबकि 2022-23 में यह अनुपात 11.5 प्रतिशत रहा। इसका मतलब यह है कि नोटबंदी के कई साल बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रयोग बहुत हद तक अपरिवर्तित बना हुआ है। सवाल उठता है कि आखिर क्यों आम जनता द्वारा डिजिटल पेमेंट्स में वृद्धि होने के बावजूद, कैश का उपयोग भारत की अर्थव्यवस्था में करीब-करीब उतना ही बना हुआ है। साथ ही, सवाल यह भी उठता है कि किस वर्ग द्वारा नकदी का उपयोग सबसे अधिक किया जा रहा है, और इसका समाज के विभिन्न तबकों पर क्या प्रभाव पड़ा है।

नोटबंदी का प्राथमिक उद्देश्य नकदी के उपयोग को कम करके देश को अधिक डिजिटल और पारदर्शी बनाने का था। सरकार ने यह विश्वास दिलाया कि कैश का उपयोग अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को चलाने और टैक्स चोरी में मदद करने का मुख्य साधन है। आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि बड़े पैमाने पर डिजिटल भुगतान अपनाने के बावजूद, नकदी का उपयोग कम नहीं हुआ। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2016 में नोटबंदी से ठीक पहले भारतीय अर्थव्यवस्था में कैश का जीडीपी के मुकाबले अनुपात 11.6 प्रतिशत था। 2022-23 में यह अनुपात मामूली कमी के साथ 11.5 प्रतिशत पर आ गया। इसका मतलब यह हुआ कि भले ही लोगों द्वारा डिजिटल भुगतान का उपयोग बढ़ा है, लेकिन नकदी का उपयोग भी उसी गति से बढ़ता रहा है। इसका संभावित कारण यह हो सकता है कि जबकि सामान्य जनता डिजिटल पेमेंट्स की ओर बढ़ी है, बड़े पैमाने पर व्यापारियों और अन्य आर्थिक एजेंटों ने नकदी का उपयोग करना जारी रखा है। इस वर्ग द्वारा कैश का उपयोग मुख्यतः टैक्स चोरी, अनौपचारिक लेन-देन और भ्रष्टाचार से जुड़ी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि बड़ी कंपनियां और व्यापारिक प्रतिष्ठान अब भी अपने लेन-देन में भारी मात्रा में नकदी का उपयोग कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि नकद लेन-देन को ट्रैक करना मुश्किल होता है, जिससे टैक्स बचाने और अवैध लेन-देन करने में आसानी होती है। इसके अलावा, सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार ने भी नकदी के उपयोग को प्रोत्साहित किया है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि रियल एस्टेट, सोना-चांदी का कारोबार और अन्य बड़े व्यापारिक क्षेत्रों में कैश का उपयोग अब भी प्रमुख है। इन क्षेत्रों में नकद आधारित लेन-देन करना एक आम बात है, जिससे यह संकेत मिलता है कि बड़े व्यापारियों और निवेशकों के बीच कैश का उपयोग स्थिर बना हुआ है।

टैक्स चोरी और सरकारी भ्रष्टाचार नकद आधारित अर्थव्यवस्था को चलाने वाले मुख्य कारक हैं। टैक्स चोरी करने के लिए नकदी का उपयोग करने वाले बड़े व्यवसायी और व्यापारी वर्ग ने कैश को एक महत्वपूर्ण साधन बना रखा है। इसके अलावा, सरकारी परियोजनाओं और टेंडर्स में भ्रष्टाचार के चलते कैश का उपयोग और भी बढ़ जाता है। घूस और रिश्वत जैसे अवैध लेन-देन के लिए नकदी का इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि इसे ट्रैक करना और प्रमाणित करना कठिन होता है। यही कारण है कि आम जनता के बीच कैश का उपयोग कम होने के बावजूद, कैश का अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है। नोटबंदी और डिजिटल भुगतान के प्रसार ने समाज में आर्थिक असमानताओं को और बढ़ाया है। एक ओर जहां उच्च वर्ग और बड़े व्यापारी डिजिटल पेमेंट्स और कैश दोनों का उपयोग अपनी सुविधानुसार कर रहे हैं, वहीं निम्न वर्ग के लोगों के लिए नकदी पर निर्भरता कम करने का दबाव बढ़ गया है।

डिजिटल पेमेंट्स को अपनाने के लिए छोटे व्यापारियों और श्रमिक वर्ग पर अधिकाधिक दबाव डाला गया है। लेकिन यह बदलाव उनकी आर्थिक स्थिति और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं है। डिजिटल लेन-देन के लिए आवश्यक तकनीकी सुविधाओं तक पहुंच न होना, कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए इस प्रक्रिया को जटिल बना देता है। भले ही डिजिटल पेमेंट्स का उपयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी का स्थान अब भी महत्वपूर्ण बना हुआ है। रिजर्व बैंक के आंकड़े इस ओर इशारा करते हैं कि कैश का उपयोग कम होने की बजाय स्थिर बना हुआ है। इसका अर्थ यह हुआ कि भविष्य में भी नकद आधारित अर्थव्यवस्था समाप्त नहीं होगी, बल्कि इसका उपयोग चुनिंदा क्षेत्रों और व्यापारियों द्वारा जारी रहेगा। खासकर उन क्षेत्रों में, जहां टैक्स चोरी और अवैध लेन-देन का बोलबाला है।

अमृतवाणी

## ईश्वर के प्रति

**माखन** चोर नटखट श्री कृष्ण को रंगे हाथों पकड़ने के लिये एक ग्वालिन ने एक अनोखी जुगत भिड़ाई। उसने माखन की मटकी के साथ एक घंटी बांध दी, ताकि जैसे ही बाल कृष्ण माखन-मटकी को हाथ लगाएगा, घंटी बज उठेगी और मैं उसे रंगे हाथों पकड़ लूंगी। बाल कृष्ण अपने सखाओं के साथ दबे पांव घर में घुसे। श्री सुदामा की दृष्टि तुरंत घंटी पर पड़ गई और उन्होंने बाल कृष्ण को संकेत किया। बाल कृष्ण ने सभी को निश्चिंत रहने का संकेत करते हुए, घंटी से फुसफसाते हुये कहाः- देखो घंटी, हम माखन चुराएंगे, तुम बिल्कुल मत बजना। घंटी बोली, जैसी आज्ञा प्रभु, नहीं बजूंगी। बाल कृष्ण ने खूब माखन चुराया अपने सखाओं को खिलाया-घंटी नहीं बजी। खूब बंदरों को खिलाया-घंटी नहीं बजी। अंत में ज्यों ही बाल कृष्ण ने माखन से भरा हाथ अपने मुंह से लगाया, त्यों ही घंटी बज उठी। घंटी की आवाज सुन कर ग्वालिन दौड़ी आई। ग्वाल बालों में भगदड़ मच गई। सारे भाग गए बस श्री कृष्ण पकड़ाई में आ गए। बाल कृष्ण बोले, तनिक ठहर गोपी, तुझे जो सजा मुझे देनी है वो दे दीजो, पर उससे पहले मैं जरा इस घंटी से निबट लूं...क्यों री घंटी...तू बजी क्यों...मैंने मना किया था न...? घंटी क्षमा मांगती हुई बोली, प्रभु आपके सखाओं ने माखन खाया, मैं नहीं बजी...आपने बंदरों को खूब माखन खिलाया, मैं नहीं बजी, किंतु जैसे ही आपने माखन खाया तब तो मुझे बजना ही था...मुझे आदत पड़ी हुई है प्रभु...मंदिर में जब पुजारी भगवान को भोग लगाते हैं, तब घंटियां बजाते हैं...इसलिए प्रभु मैं आदतन बज उठी और यह तो मेरी आदत बन चुकी है। जब भी आपको भोग लगाया जाएगा, मैं तो भोग लगने के साथ बजूंगी ही। बाल कृष्ण मुस्करा का रह गए....क्योंकि उनके पास इसका कोई उतर देने को नहीं था।



तीखी नजर

## आदमी और आदमी का मूड



राजेंद्र बज

कुछ लोग बहुत मूडी होते हैं, मूडी माने कि हरफनमौला या फिर मस्तमौला। लेकिन कुछ लोगों का यह ठिकाना नहीं होता कि कब और कैसा उनका मूड बन जाए। वैसे बहुत कुछ ऐसे भी होते हैं जो 'समय की मांग' के अनुरूप तत्काल प्रभाव से अपना मूड बना लिया करते हैं। आज चर्चा इन्हीं लोगों के बारे में है। तो लीजिए इनके मनोविज्ञान की कहानी कुछ इस तरह हुआ करती है। इनके कानों में जिस सिचुएशन के आधार पर फिल्मों में नायक या नायिका गीत गाया करते हैं, बिल्कुल वैसे ही अपनी सिचुएशन में ये अपना मूड बना लिया करते हैं। चाहे इनकी ना तो कोई प्रेयसी हो और न ही इनका दिल टूटा हो, तब भी यदि यह गीत कहीं बज रहा हो कि 'वफा जिनसे की बेवफा हो गए, वह वादे मोहब्बत के कहां खो गए।' तो इन्हें देखकर लगता है कि ये निश्चित ही गहरी चोट खाए हुए हैं।

और कहीं जो यह गीत बज रहा हो कि मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, बर्बादियों का जश्न मनाता चला गया। जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ लिया, हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया, बस साहब, फिर तो ये इतने बिंदास दिखाई देने लगते हैं कि क्या तो महंगाई और क्या तो भ्रष्टाचार, हर हाल में एकदम मस्त और बिंदास। इन्हें देखकर रत्ती भर भी यह एहसास नहीं होता कि कितनी सारी समस्याएं हैं, जिसके चलते आम आदमी का जीवन दूभर हो रहा है। हर किसी के सामने समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

लेकिन इस गीत को गाते वक्त इनके हाव-भाव और व्यवहार को देखकर ऐसा लगता है जैसे इनके जैसा मस्तमौला इंसान दुनिया भर में शायद ही कोई और होगा। इन्हें देखकर मेरे जैसा आदमी जिसके सामने समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, एक समस्या सुलझाता हूं तो चार समस्याएं सामने आ खड़ी होती है। महंगाई मुझे डसा करती है और भ्रष्टाचार प्रताड़ित करता है। यही नहीं अपितु ऐसा भी कोई अनुभव नहीं हो सका है कि कोई मेरे लिए दिन का चैन और रात का सुकून छीन लेने वाली शख्सियत मेरी दुनिया में कभी रही हो।

यानी अपनी दुनिया में दिल के टूट जाने की कभी कोई संभावना बनने का तो सवाल ही नहीं उठा। लेकिन उन्हें देखकर काफी हद तक उनका रंग मुझ पर चढ़ता रहा। इतना सब कुछ लिखने का लब्बोलुआब यह है कि यदि आप जमाने भर की तमाम परेशानियों में से किसी भी तरह की परेशानी से घिरे हुए है, तो भी चिंता की कोई बात नहीं। बस केवल इतना करना होगा कि विशुद्ध रूप से सकारात्मक बोलवाले फिल्मी गीतों को सुनने और उसके साथ-साथ गुनगुनाने की आदत डाल लीजिएगा।

जैसे-जैसे गाना बज रहा हो अपने आप को उसी के अनुरूप परिकल्पनाओं में ढालकर आप तो बस केवल और केवल जिंदगी का मजा लीजिए। सचमुच जिंदगी का मजा आ जाएगा। वैसे भी रंग बदलती इस दुनिया में अगर फिल्मी गानों को सुनकर अपुन भी रंग बदलने की आदत डाल लेवे, तो इसमें गलत क्या? मुद्दे की बात यह कि जहां जैसा गाना हो वहां वैसा अपना बजाना हो।

नजरिया

# बंटेंगे तो कटेंगे, नीतीश-नायडू के गले की फांस!



केपी मलिक

**भाजपा एक तरफ लोगों को बांटने का काम कर रही है और दूसरी तरफ ऐसा नारा दे रही है मानो वो पूरे देश को एकजुट ही कर रहे हों। और सच्चाई सभी जानते हैं कि देश में नफरत फैलाने का काम कौन कर रहा है, ये बताने की जरूरत नहीं है।**

वोट फीसद के लिहाज से नीचे आती जा रही भाजपा के ब्रह्मास्त्र नारे 'बंटोगे तो कटोगे' को संघ ने भी मूक सहमति दे दी है। साफ है आने वाले चुनाव पार्टी इसी मुद्दे को लेकर आगे बढ़ेगी और इसमें भी कोई दो-राय नहीं है कि भाजपा को इससे बड़ा लाभ होने की संभावना है, क्योंकि हिंदुत्व का चेहरा बन चुके योगी आदित्यनाथ इस नारे के साथ आगे बढ़ते हैं, तो नतीजे काफी हद तक भाजपा के पक्ष में होंगे। लेकिन सवाल ये है कि फिलहाल केंद्र की मोदी सरकार की दो महत्वपूर्ण बैसाखियां यानि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मुद्दे पर भाजपा के साथ रहेंगे? इससे भी बड़ा सवाल ये है कि क्या भाजपा के नेता खुद को भी बंटने से रोक सकेंगे? क्योंकि अब तक जो हालात भाजपा में देखे गए हैं, उनमें भाजपा के नेताओं में अंदरखाते विवादों की खबरें छनकर बाहर आती रही हैं।

दरअसल, जानकार लोगों का कहना है कि भाजपा हिंदू वोट बैंक को बंटने से डरी हुई है और उसका ये इशारा भाजपा से छिटक रहे वोटरों को एकजुट करना है, जबकि सच्चाई ये है कि भाजपा खुद में अंदरखाते बंटी हुई है। तमाम नेता ऐसे हैं, जो दिल्ली दरबार से खुश नहीं हैं, लेकिन वो इसलिए चुप हैं कि कैसे भी सही, कम से कम उनकी पार्टी सत्ता में तो है। लेकिन बंटोगे तो कटोगे का मतलब ये भी है कि आपस में हिंदू जातिवाद को छोड़ें और एक हो जाएं, जिसे लेकर संघ सरसंघचालक कई बार बोले चुके हैं और देश की एकता पर जोर दे चुके हैं। उन्होंने तो राजनीतिक पार्टियों को भी हिदायत दी हुई है कि देश में नफरत न फैलाएं और उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता पर भी हमेशा जोर दिया है। यानि बंटोगे तो कटोगे के योगी आदित्यनाथ के दिए नारे पर संघ की सहमति कहीं न कहीं इस बात से प्रेरित है कि देश में लोगों को एकजुट होकर रहना चाहिए, जिसकी बात बीच-बीच में अपने भाषणों में संघ प्रमुख मोहन भागवत करते रहे हैं। योगी के बंटोगे तो कटोगे का नारा इतना बुलंद हो चुका है कि वो विदेशों में भी गूंज रहा है। ये अलग बात है कि हर जगह इस नारे का मतलब अलग-अलग निकाला जा रहा है।

दरअसल, बंटोगे तो कटोगे के नारे में हिंदुओं को साधने और हिंदू राष्ट्र बनाने की हुंकार भी है, जिसकी गूंज अभी भले ही महज इस दो शब्दों के नारे के रूप मे सुनाई दे रही है, लेकिन बहुत जल्द इसका असर भाजपा सरकारों की कार्रवाई में दिखाई भी दे सकता है। हालांकि कुछ जानकार कह रहे हैं कि भाजपा एक तरफ लोगों को बांटने का काम कर रही है और दूसरी तरफ ऐसा नारा दे रही है मानो वो पूरे देश को एकजुट ही कर रहे हों। और सच्चाई सभी जानते हैं कि देश में नफरत फैलाने का काम कौन कर रहा है, ये बताने की जरूरत नहीं है। और हिंदुओं में भी कौन सी एकता है?





बहरहाल, आगामी शीतकालीन सत्र में सरकार द्वारा गठित संसदीय समिति संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार करने के लिए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसी के मद्देनजर जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने केंद्र सरकार पर सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा है कि हिंदू-मुस्लिम भाई-भाई हैं और यदि इन्हें बांटा गया, तो इससे देश को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। मौलाना मदनी ने चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से मुसलमानों की भावनाओं का सम्मान करने और इस विधेयक का समर्थन न करने के लिए भी चेताया है। मौलाना मदनी के इस बयान के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। आगे और भी बढ़ सकती हैं।

दरअसल, जल्द ही आंध्र प्रदेश में जमीयत उलमा-ए-हिंद एक बड़ा जलसा करने जा रहा है, जिसमें वो चंद्रबाबू नायडू से यह सवाल करेगा कि अगर वक्फ संशोधन बिल पास होता है, तो उसके जिम्मेदार चंद्रबाबू नायडू होंगे। स्थिति ये है कि नीतीश और नायडू अगर मुस्लिम समाज को इग्नोर करके वक्फ संसोधन विधेयक का समर्थन करते हैं, तो उनका वोट बैंक घटेगा और उनकी पार्टी कमजोर होगी, जो भाजपा भी जरूर चाहेगी। और अगर वो मुसलमानों को साधने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें भाजपा की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा। इस प्रकार ये फांस हर तरह से नीतीश और नायडू के गले में फंस सकती है। तो क्या इतने बड़े वर्ग से सियासी नाराजगी मोल लेने के लिए नीतीश और नायडू तैयार हैं? क्योंकि मदनी ने एनडीए सरकार की स्थिरता पर सवाल उठाते हुए कहा कि मदनी ने चेतावनी दी है कि अगर यह विधेयक पारित हुआ, तो दोनों बैसाखियां (नीतीश-नायडू) इसके परिणाम से बच नहीं सकेंगी। तो क्या भाजपा के इस ब्रह्मस्त्र बटोंगे तो कटोगे के नारे के सामने नीतीश-नायडू धराशाही हो जाएंगे या कोई बड़ा निर्णय लेंगे, यह तो समय ही बताएगा।

## सार संक्षेप

### मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान गार्डाडो ने संन्यास लेने की घोषणा की



**मेक्सिको सिटी** : मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान एंड्रेस गार्डाडो ने 19 साल के पेशेवर करियर के बाद लीगा एमएक्स सीजन के आखिर में संन्यास लेने की घोषणा की हैं। गार्डाडो ने एक भावनात्मक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मैं सीधे मुद्दे पर आता हूं। मैंने सीजन के आखिर में फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ भी तय नहीं किया है। मैं चाहता था कि सब कुछ दिल और दिमाग से आए। मैं मेक्सिको में संन्यास लेने का अवसर देने के लिए लियोन के अध्यक्ष जीसस मार्टिनेज को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने इस खूबसूरत करियर का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा टीम के साथी, कोच, कर्मचारी, प्रशंसक का भी दिल से शुक्रिया।

### अनन्या पांडे और लक्ष्य को लेकर फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनायेंगे करण जौहर



**मुंबई**: बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर, अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाने जा रहे हैं। करण जौहर ने अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाने की घोषणा की है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'चांद मेरा दिल' का चार पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने कैप्शन में लिखा, हमारे दो चांद हैं आपके लिए एक इंटेंस और बेहतरीन कहानी लाने के लिए तैयार हैं!!! प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है..चांद मेरा दिल में नजर आएंगे अनन्या पांडे और लक्ष्य। 2025 में सिनेमाघरों में। फिल्म 'चांद मेरा दिल' का निर्देशन विवेक सोनी करेंगे।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### संतों से ही बची रही है भारत की संस्कृति : हरिभाऊ बागड़े

**जयपुर**: राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा है कि मुगलकाल में अत्याचारियों ने देश की संस्कृति को नष्ट भ्रष्ट करने का निरंतर प्रयास किया पर संतों की परंपरा और ज्ञान से ही भारत की संस्कृति बची रही है। बागडे ने शुक्रवार को यहां जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य से रामकथा सुनी और इस मौके यह बात कही। उन्होंने स्वामी रामभद्राचार्य को महान संत बताते हुए उनके तप और अध्ययन की गहराई की सराहना की। उन्होंने स्वामी रामभद्राचार्य से अध्यात्म की भारतीय परम्परा और संस्कृति पर भी चर्चा की। ।

### पांच विधानसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग का पहला चरण पूरा

**जयपुर**: राजस्थान में हो रहे विधानसभा उपचुनाव के लिए सात क्षेत्रों में से पांच रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा घर से मतदान (होम वोटिंग) की प्रक्रिया का पहला चरण गुरुवार को पूरा हो गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने शुक्रवार को बताया कि झुंझुनू और सलूम्बर में होम वोटिंग की जाएगी। गत सोमवार से शुरू हुई इस प्रक्रिया में प्रथम चरण में अब तक कुल दो हजार 882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।



शुक्रवार को कोलकाता में हुगली नदी पर छठ पूजा उत्सव के अवसर पर उगते सूर्य को अर्घ्य देते श्रद्धालु।

# हारिस राउफ ने खोला पंजा

## दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की

● एडिलेड,



**हारिस** राउफ (पांच विकेट) और शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (82) तथा अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 64) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने शुक्रवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में 141 गेंदें शेष रहते ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है।

164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की सईम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 21वें ओवर में एडम जम्पा ने सईम अयूब को हेजलवुड के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। अयूब ने 71 गेंदों में छह छक्के और पांच चौके लगाते हुए 82 रनों की पारी खेली। अब्दुल्लाह शफीक ने 69 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 64) रनों की पारी खेली। बाबर आजम (15) रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने जम्पा के ओवर की तीसरी गेंद पर छक्का मारकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर एडम जम्पा को एक विकेट मिला। इससे पहले पाकिस्तान के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 163 के स्कोर पर ढेर कर दिया था। यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सकी और ताश के पत्तों की तरह ढह गई। स्टिव स्मिथ ने टीम के लिए सर्वाधिक (35) रन बनाये।



## भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 203 रन का दिया लक्ष्य

● नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत** ने साउथ अफ्रीका को पहले टी-20 में 203 रन का टारगेट दिया है। डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने 8 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम से संजू सैमसन ने 107 रन बनाए, उन्होंने लगातार दूसरे टी-20 में शतक लगाया।

भारत से तिलक वर्मा ने 33 और सूर्यकुमार यादव ने 21 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के लिए जेराल्ड कूट्जी ने 3 विकेट लिए। मार्को यानसन, केशव महाराज, एन पीटर और पैट्रिक क्रूगर ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम ने 15 ओवर के बाद 3 विकेट खोकर 167 रन बना लिए थे। संजू

#### सैमसन ने टी-20 में लगातार लगाया दूसरा शतक

सैमसन सेंचुरी लगा चुके थे, वह अगले ओवर में आउट हो गए। सैमसन के विकेट के बाद भारत 26 गेंदों पर 27 रन ही बना सका और 4 विकेट गंवा दिए। टीम ने छठे ओवर में फिफ्टी, 11वें ओवर में सेंचुरी और 14वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए थे। टीम के 200 रन 20वें ओवर में बने। 20वें ओवर में टीम इंडिया 3 ही रन बना सकी और 2 विकेट गंवा दिए। मार्को यानसन ने अक्षर पटेल को कैच आउट कराया, अक्षर ने 7 रन बनाए। रवि बिश्नोई पारी की आखिरी बॉल पर 1 रन बनाकर रनआउट हुए।

## गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची बारबोरा क्रेजिकोवा



**रियाद,** चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर एकल ऑरेंज ग्रुप की विजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना लिया है। खेले गए मुकाबले में क्रेजिकोवा ने गॉफ की सर्विस को तोड़कर पहला सेट 7-5 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने ब्रेक के बाद 6-4 से जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब क्रेजिकोवा का सेमीफाइनल में मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का सामना अमेरिका की गॉफ से होगा। युगल सेमीफाइनल में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज का सामना गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ से होगा। मैच के बाद क्रेजिकोवा ने कहा कि निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैं अपने खेल और अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह वास्तव में एक बड़ा मैच था।

### हरियाणा ने पंजाब को हराया

**रोहतक, वार्ता** : निशांत सिंधु कुल (11) विकेट और हिमांशु राणा (68) रनों की पारी की बदौलत हरियाणा ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मुकाबले में पंजाब को 37 रनों से हरा दिया हैं।

217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब की टीम हरियाणा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं अधिक देर तक नहीं टिक सकी। दूसरे ही ओवर में जसकरण सिंह (02) को काम्बोज ने पगबाधा कर हरियाणा को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद निशांत सिंधु ने पुखराज मान (11), अनमोलप्रीत सिंह(16) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। साहिल अरोड़ा (57)ने कुछ देर संघर्ष किया। प्रभसिमरन सिंह (23), नेहाल बढेरा (33) और जसइंदर सिंह (15) रन बनाकर आउट हुए। पंजाब के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। हरियाणा के गेंदबाजों ने पंजाब की पूरी टीम 39.4 ओवर में 179 पर सिमटकर मुकाबला 37 रनों से जीत लिया। निशांत सिंधु ने पांच विकेट लिए।

### जम्मू-कश्मीर ने मेघालय को सात विकेट से हराया

**शिलांग**: आकिब नबी (10 विकेट), आबिद मुश्ताक के हरफनमौला प्रदर्शन और विवांत शर्मा (32) रनों की पारियों के दम पर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मुकाबले में मेघालय को सात विकेट से शिकस्त दी। जम्मू कश्मीर ने दूसरी पारी में विवांत शर्मा (नाबाद 32) और पारस डोगरा (15) रनों की पारी के दम पर आज 15 .4 ओवर में तीन विकेट पर 77 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मैच में 10 विकेट लेने वाले आकिब नबी को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मेघालय की ओर से आकाश चौधरी ने दो विकेट लिये। दीपू संगमा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले जम्मू कश्मीर ने टॉस जीतकर मेघालय को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। बामनभा शांगप्लियांग और अर्पित भटेवरा की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 53 रन जोडे। पहले विकेट के रूप में बामनभा (21) और उनके बाद अर्पित (24) पर आउट हुये। इसके बाद आकिब नबी और आबिद मुश्ताक की घातक गेंदबाजी के आगे मेघालय की पूरी टीम सिर्फ 73 रनों पर ढेर हो गई। मेघालय के पांच बल्लेबाजों का स्कोर शून्य रहा।

## संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है भाजपा

### राहुल बोले : आदिवासियों की जमीन का फायदा ये अडानी-अंबानी को देना चाहते हैं

● रांची,



**झारखंड** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया। गांधी ने भाजपा के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है।

राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोहरदगा की विशाल चुनावी जनसभा में कहा कि झारखंड प्रदेश जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने से बना। खासकर आदिवासियों ने जब कहा कि यहां के जंगल, खनिज से होने वाला लाभ हमें मिलना चाहिए तब जाकर ये राज्य बना। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहती हैं लेकिन हम इसे बचाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने पांच गारंटी भी दी। गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं लेकिन संविधान में आपके लिए आदिवासी शब्द का प्रयोग किया गया है आदिवासी ही इस देश के पहले मालिक है। वनवासी का मतलब होता है कि जंगल में रहने वाले लोग। यानी कि हिंदुस्तान को चलाने में आपका अधिकार नहीं होगा। गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आदिवासियों जल जंगल जमीन का फायदा ये अडानी और अंबानी को देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी की आबादी 8 फीसदी है। ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत, दलितों का 10 प्रतिशत और अल्पसंख्यकों का 15 फीसदी लेकिन अगर आप देखें तो देश के बड़े संस्थानों ने इन सबकी भागीदारी बहुत कम है। इसका कारण है यह है कि आपको आगे बढ़ने नहीं दिया गया।

राहुल गांधी ने हिंदुस्तान की सरकार जब 100 रुपये आदिवासियों के लिए भेजती है तो आदिवासी अफसर मात्र 10 पैसे का ही फैसला ले पाता है। उसी तरह ओबीसी अधिकारी 5 रुपये और दलित 1 रुपये का ही निर्णय ले पाता है। मैं आपको यही बताने की कोशिश कर रहा हूं कि 90 फीसदी लोगों की देश में कोई भागीदारी नहीं है। मैं जब भी ये बात करता हूं, तो भाजपा कहती है कि मैं लोगों को बांट रहा हूं जबकि मैं देश को मजबूत करने की कोशिश कर रहा हूं। अगर देश के लोगों को भागीदारी दिलाना और लोगों को उनकी जगह दिलाना गलत है, तो ये काम मैं बार-बार करूंगा। इसलिए जैसे ही देश में हमारी सरकार बनेगी हम 50 फीसदी आरक्षण के दायरे को तोड़ेंगे और जातीय जनगणना को कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा 16 लाख करोड़ पूंजीपतियों का माफ कर सकती है लेकिन देश के किसानों का नहीं।

## अनुच्छेद 370, 35 ए पर स्पष्ट प्रस्ताव लाने की जरुरतः लोन

● श्रीनगर,



**जम्मू**-कश्मीर में हंदवाड़ा के विधायक एवं जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने शुक्रवार को विधानसभा में अनुच्छेद 370, 35 ए पर एक स्पष्ट प्रस्ताव लाने की जरुरत बतायी।

लोन ने कहा कि विशेष दर्जा की बहाली के लिए हाल ही में पारित प्रस्ताव 'कमजोर' है और इसमें अनुच्छेद 370, 35 ए का उल्लेख नहीं है। साथ ही 05 अगस्त, 2019 के एकतरफा फैसलों की स्पष्ट निंदा का भी अभाव है। उन्होंने उपराज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि 2014 के बाद से यह उनका पहला भाषण है, जिसमें बीच के वर्षों में हुए गहन परिवर्तनों पर जोर दिया गया। अनुच्छेद 370 और 35 ए को निरस्त करना, पांच साल तक चुनावों की अनुपस्थिति और जम्मू-कश्मीर की स्थिति को राज्य से केंद्र शासित प्रदेश में घटाना, ये सब उसके लोगों की सहमति के बिना किया गया। उन्होंने कहा कि मुझे यह स्वीकार करते हुए दुख हो रहा है कि अब हम 'राज्यपाल' के बजाय 'उपराज्यपाल' को संबोधित करते हैं। पांच अगस्त को हमेशा एक काले दिन के रूप में याद किया जाएगा, जब लोगों की इच्छा को कुचल दिया गया। राजभवन में एक गैर-राज्य विषय ने लोगों की ओर से ऐसे फैसलों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें जम्मू-कश्मीर की आवाज की अनदेखी की गई। विधानसभा के कमजोर होते अधिकार पर विचार करते हुए लोन ने कहा कि पूर्ववर्ती विधायिका और आज की विधायिका की तुलना नहीं की जा सकती।

# 'हेमंत सोरेन सरकार में हिंदू होना मानो अपराध'

## झारखंड में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर साधा बड़ा निशाना

● रांची,





**झारखंड** में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शक्रवार को हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की योजना किसी से छुपी नहीं है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बंगाल के माध्यम से झारखंड में बसाकर उन्हें वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। अब इस सच्चाई से पूरा झारखंड अवगत है, लेकिन यह समस्या का केवल एक पहलू है। अनगिनत शिकायत पत्रों और अन्य स्त्रोतों के माध्यम से यह पता चला है कि पिछले पांच सालों में हेमंत सोरेन की सरकार, विशेष रूप से उनके तीन-चार मंत्रियों ने राज्य में हिंदू आबादी के प्रति भेदभावपूर्ण रवैया अपना रखा है। कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे हजारों वीडियो हैं, जिनमें हिंदू समाज के वृद्धजनों और माताओं-बहनों का कहना है कि जब वे किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेमंत सोरेन के मंत्रियों के पास जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम हिंदू हो, तुम्हें सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में ऐसी समस्याएं फैली हुई हैं, चाहे वह अस्पताल में इलाज की बात हो या फिर आवास की। पहले तो प्रधानमंत्री आवास योजना को राज्य में लागू नहीं होने दिया और उनकी मंशा ये थी कि राज्य ने नई आवास नीति बना कर सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बांटे जाएंगे जो कि प्रधानमंत्री आवास में संभव नहीं था और उसके कारण लाखों लोगों को उनके सपने के घर से वंचित रखा, और बाद में अपनी आवास नीति को लाकर बहुत ही कम संख्या में दिए गए और इन आवासों को चुनिंदा समुदाय के लोगों को ही दिया गया, जिसमें काफी बड़ी संख्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की है। उन्हें घर बनाकर पक्का वोटर कार्ड देने की साजिश लंबे समय से चल रही है। दूसरी ओर, जब हिंदू समाज के लोग अपने काम के लिए जाते हैं, तो उन्हें यह कहकर भगा दिया जाता है कि तुम्हें किसी भी सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि तुम हिंदू हो। मरांडी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में हिंदू होना मानो अपराध बन चुका है। कहा कि राज्य की जनता के प्रति इस तरह की घृणा हेमंत सोरेन के मन में कई सालों से पनप रही है। हेमंत सोरेन के मन में यह गलतफहमी है कि वे बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट के माध्यम से झारखंड पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लेंगे और उन्हें किसी अन्य वोटर की आवश्यकता नहीं है। हेमंत की इस खतरनाक सोच के परिणामस्वरूप, झारखंड में कई समुदाय उपेक्षित और संसाधनों से वंचित होते जा रहे हैं। यदि यह स्थिति जारी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड के संसाधनों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो जाएगा और राज्य की व्यवस्थाओं में उनकी जड़ें मजबूत हो जाएंगी। उस समय हमें केवल हताशा ही हाथ लगेगी। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से झारखंड की देवतुल्य जनता से अनुरोध कि कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार से मुक्ति पाएं।

### बिहार की तरक्की के लिए एकजुट होना पड़ेगा : तेजस्वी

**गया**: राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के तरक्की के लिए सब लोगों को एकजुट होना पड़ेगा।

बेलागंज उपचुनाव को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को पड़ाव मैदान में चुनावी रैली को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हम जीत गए तो इसका संदेश देश मे जाएगा। यदि देश में संदेश देना है और बिहार के तरक्की के लिए आप सब लोगों को एकजुट होना पड़ेगा हम काम करने वाले लोग मुद्दे की बात करने वाले लोग, पढ़ाई, दवाई,कमाई, सिंचाई की बात करने वाले लोग हैं। असली दुश्मन गरीबी है, और महंगाई बड़ा दुश्मन है। उपमुख्यमंत्री नहीं रहते तो पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिलती। 17 महीने में हमने मानदेय दुगना करने का काम किया। हम लोगों ने स्पोर्ट्स पॉलिस बनाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK